यह मन्दिर भी वैष्णव सम्प्रदाय द्वारा निर्मित है। श्रीकृष्ण की लीलाओं को दीवारों पर चित्र शैली में उकेरा गया है। इसके अतिरिक्त सावित्री, बद्रीनाथ मन्दिर, बिहारीजी का मन्दिर तथा अजगंन्ध महादेव मन्दिर प्रसिद्ध है।

महादेव मन्दिर

यह सफेद संगमरमर से निर्मित पंचमुखी महादेव का मन्दिर है जो अपने आप में बहुत ही सुन्दर है। इसका निर्माण ग्वालियर सम्राट अन्नाजी सिंधिया ने करवाया था।

पद्म पुराण के अनुसार

अजगंध च देवेशं देवदेवं पिवाकिनम्।
अष्टांग प्रणिपातेन नत्वा रामस्त्रिलोचनम्।[7]

पुष्कर का सांस्कृतिक महत्त्व

कार्तिक एकादशी से पूर्णिमा तक लगने वाले मेले में लाखों की संख्या में लोग आते हैं। बालू के रेत के टीलों पर तम्बू लगाकर रहते हैं। पांच दिनों में पुष्कर सरोवर में स्नान का बड़ा महत्त्व है। महर्षि विश्वामित्र के गायत्री मंत्र की, आचार्य भरत मुनि के नाट्य शास्त्र और विभिन्न साहित्यों का सृजन यहाँ हुआ है। यहां पर इन पांच दिनों में शास्त्रार्थ एवं धार्मिक गोष्ठियाँ हुआ करती थीं। बारहवीं सदी तक यहाँ यह सांस्कृतिक मेला भरता था। इस मेले का खर्च अजमेर के राजा उठाते थे।[8]

यहाँ ब्राह्मण, पण्डित, शास्त्री, आचार्य, विद्वान एवं जैन आचार्यों का आवागमन रहता था। अनेक शास्त्रार्थ यहाँ हुए हैं। आयुर्वेद की गोष्ठियां भी यहाँ सम्पन्न की जाती थीं। दिल्ली सल्तनत काल में यहां सांस्कृतिक मेला रोक दिया गया। बारहवीं से पन्द्रहवीं सदी तक मात्र कार्तिक स्नान तक सीमित हो गया।

''मुगल सेना में युद्ध हेतु घोड़ों की कमी हो जाने पर, पुष्कर में जहांगीर द्वारा पशु मेले का आयोजन किया गया। 1615 ई. में यहाँ घोड़ों की सबसे ज्यादा बिक्री हुई थी। सत्रहवीं सदी में पुष्कर पशु मेले के रूप में दूर-दूर तक विख्यात हो गया। 1818 ई. में सड़क मार्ग से जोड़ा गया पुष्कर घाटी को

जबकि 1976 में रेलवे लाईन से। ब्रिटिशकाल में यहाँ विदेशी शैलानी आये उस समय से आज तक यहाँ सांस्कृतिक और पशु मेला दोनों होते हैं। मेले के कारण यहाँ का विकास हुआ है। बहुत से विदेशी शैलानी यहाँ रहने लग गये हैं। यहाँ का रेगिस्तान, पहाड़ी और लोक संस्कृति आकर्षण का केन्द्र है।

निष्कर्ष

विशुद्ध धार्मिक स्थल के रूप में जाने जाने वाले पुष्कर ने अनेक परिवर्तनों व आघातों को सहन किया है। पुष्कर तीर्थराज है। स्नान की पवित्रता के साथ-साथ साहित्य, संस्कृति, धर्म ग्रन्थ, पौराणिक प्रसंग और कला के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। पशुमेला यहाँ की सांस्कृतिक धरोहर है। पर्यटन के साथ यह राजस्थान ही नहीं भारत की आन-बान और शान है। समय के साथ कुछ विसंगतियाँ यहाँ पैदा हो गयी हैं। हम सबको मिलकर उन्हें दूर करना है ताकि यह पवित्र नगरी अपने तीर्थराज के पद पर आरूढ़ रह सके।

संदर्भ

1. मोहनलाल गुप्ता, *रंगीला राजस्थान, बीकानेर, जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन,* नवभारत प्रकाशन, महाराजा दिलीपसिंह कॉलोनी, जोधपुर, 2004, पृ. 30
2. मोहनलाल गुप्ता, *अजमेर : जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक* अध्ययन, पृ. 43-44
3. मोहनलाल गुप्ता, पूर्वोक्त, पृ. 45
4. *सुजस,* जगप्रसिद्ध है अजमेर के सागर व सरोवर, अजमेर, 2008, पृ. 418 व 1155
5. *राष्ट्रदूत,* साप्ताहिक, संरक्षणापेक्षी पुष्कर, 24 नवम्बर 2002
6. धनराज दफतरी, *राजस्थानी संस्कृति : संदर्भ और स्वरूप,* सुरभि सरदारशहर, कल्चरल अकादमी जयपुर, प्रथम संस्करण, 2005
7. एस.एल. नागौरी, *राजस्थान का सांस्कृतिक इतिहास,* मलिक एण्ड कम्पनी, जयपुर, 2010
8. राजेन्द्र शंकर भट्ट, *राजस्थान का सांस्कृतिक प्रवाह,* पंचशील प्रकाशन जयपुर, संस्करण 2000

डॉ. कंचन शर्मा

व्याख्याता (सीटीई)

शिक्षा संकाय, उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, मानित विश्वविद्यालय

गांधी विद्या मन्दिर सरदारशहर, चूरू (राज.)

❑❑❑

झारखण्ड में नक्सल समस्या : गाँधीय समाधान

● डॉ. सतीश कुमार वर्मा

एकीकृत बिहार से जब झारखण्ड अलग हुआ तो लोगों की आशाएँ जगी, लेकिन नक्सलवाद की समस्या राज्य के विकास में एक रोड़ा बनकर उभरी। नक्सली अपनी मूल विचारधारा से अलग होकर हिंसा और लूटपाट कर स्वहित को बढ़ावा दे रहे हैं। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचा रहे हैं। इन समस्यों के समाधान के लिए सरकार द्वारा कई प्रयास किए गये लेकिन कारगर सिद्ध नहीं हुए। प्रस्तुत शोध-आलेख में इस समस्या के समाधान में गाँधीय विकल्प को प्रस्तुत किया गया है जिसमें गाँधी के सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, अस्तेय, न्यास, सर्वोदय, साध्य-साधन की पवित्रता जैसे विचारों के आधार पर नक्सलवाद की समस्या को जड़मूल से समाप्त करने के विकल्प बताए गये हैं।

नक्सलवाद समाजवादी विचारधारा पर आधारित एक ऐसा राजनीतिक, आर्थिक समूह है जो वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था को समाप्त कर सामाजिक न्याय पर आधारित शोषणविहीन समाज की स्थापना करना चाहता है। यह मार्क्स, लेनिन, माओ को अपना आदर्श मानता है।[1]

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में नक्सलवाद भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक गंभीर चुनौती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इस आंदोलन ने भारत की सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था को सबसे अधिक प्रभावित किया है इसका उदय एक ऐसी व्यवस्था के लिए हुआ था, जो सामाजिक-आर्थिक न्याय पर आधारित हो, जिसमें सभी को समान अधिकार मिले लेकिन समय के साथ यह अपने मूल सिद्धांतों से भटक गया। वर्तमान समय में इसका मुख्य उद्देश्य विचारधारा के नाम पर अपने स्वहित को बढ़ावा देना है।

झारखण्ड में नक्सली आंदोलन

नक्सलवादी आंदोलन का उदय मई 1967 ई. को चारु मजुमदार के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के नक्सलवाड़ी ग्राम में हुआ था।

नक्सलवादी आंदोलन में आंतरिक पार्टी संचालन कमेटी के सदस्य कानु संन्याल, सोरेन बसु, जंगल संथाल, खोखन मजुमदार थे।[2] 1968 में यह संगठन भारत के विभिन्न प्रांतों यथा-तेलंगाना, बिहार, यू.पी. तथा मध्यप्रदेश आदि राज्यों में अपने पाँव जमाए।

एकीकृत बिहार से जब झारखण्ड अलग हुआ तब सभी के मन में यह उम्मीद जगी थी कि यह राज्य शीघ्र ही देश के विकसित राज्यों के बीच अपना स्थान बना लेगा, किंतु प्राकृतिक वैभव के साथ उग्रवाद की समस्या विरासत में मिली जो स्वयं को माओवादी, लेनिनवादी कहते हैं लेकिन न तो इन्होंने माओ और लेनिन के चरित्र को ध्यान में रखा न उनकी विचारधारा को।

15 अक्टूबर 2004 को झारखण्ड राज्य में एम.सी.सी. और पी.डब्ल्यू.जी. दोनों का विलय होने के बाद इस संगठन में मजबूती आई। इन उग्रवादी संगठनों की गतिविधियों में तेजी आई। पुलिस बल पर आक्रमण करना, बच्चों को संगठन में शामिल करना, महिलाओं का यौन शोषण करना तथा चुंगी वसूल करना इनका मुख्य कार्य हो गया।

झारखण्ड में नक्सलवादी अपनी विचारधारा से भटक गए हैं। रमेश सिंह मुंडा की हत्या की जांच के दौरान कुंदन पाहन और उसके साथियों ने एनआईए की जो जानकारी दी है, उससे पता चलता है कि झारखण्ड के नक्सली न केवल विचारधारा से दूर हो गये हैं, बल्कि वे वस्तुतः ''कांट्रैक्ट किलर'' बन गये हैं। बिहार से अलग होने के बाद अस्तित्व में आए झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बावजूद आज भी अति पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। समाज में जो असमानता है, उसके लिए नक्सलवादी व्यवस्था को जिम्मेदार मानते हैं। वे वैचारिक लड़ाई लड़ने की बात करते हैं, लेकिन विचारधारा से अब उनका कोई लेना-देना नहीं रह गया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में, जहां संविधान में सबको समान अधिकार दिये हैं, आज भी बड़ी विषमता है। देश की बड़ी आबादी रोटी, कपड़ा, मकान, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जद्दोजहद कर रही हैं। इस विषमता को दूर करने के लिए समाज का एक तबका बागी हो गया। ऐसे ही बागी लोगों में शामिल थे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के चारु मजुमदार और कानू संन्याल। इनका मानना था कि मजदूरों और किसानों की दुर्दशा के लिए सरकारी नीतियां और पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था जिम्मेदार है।[3] लेकिन झारखंड के नक्सली गरीबों और मजलूमों के अधिकार की लड़ाई लड़ने की आड़ में मोटी कमाई कर रहे हैं। ये पैसे लेकर अपहरण और हत्या के कारोबार में संलिप्त हो गये हैं। ये विकास में

बाधक तो बन ही रहे हैं, गरीबों, शोषितों को भी सता रहे हैं। बड़ी संख्या में बेगुनाह नक्सलवाद के भेंट चढ़ चुके हैं, लेकिन गांव के गरीब और पिछड़ों को कुछ प्राप्त नहीं हुआ। नक्सलवाद के नाम पर, कुछ लोग सामंत बन बैठे हैं और गरीबों को नक्सली बनाकर उनका शोषण और उत्पीड़न कर रहे हैं। नक्सलवाद की ''राजधानी'' बन चुके झारखंड में नक्सली वादातों पर गौर करें, तो पता चलेगा कि वे राज्य के कई बड़े नेताओं की हत्या कर चुके हैं। इनमें से किसी भी हत्या की वजह आपसी विचारधारा का टकराव नहीं था। ये हत्याएं पैसे के लिए की गयीं। जमशेदपुर के सांसद और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता सुनील कुमार महतो की हत्या हो या निरसा के विधायक गुरुदास चटर्जी, बगोदर के विधायक महेन्द्र सिंह, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के बेटे अनुप मरांडी या तमाड़ के जदयू विधायक और झारखंड के पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या। इनमें से कई लोगों की हत्या में नक्सलियों की संलिप्तता के प्रमाण नहीं मिले हैं। लेकिन, रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड की जांच के दौरान नैशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की पूछताछ में पूर्व नक्सली कमांडर कुंदन पाहन ने जो खुलासे किये हैं, उससे नक्सलियों का मूल चरित्र पूरी तरह उजागर हो गया है। जेल में बंद कुंदन पाहन ने कहा है कि रमेश सिंह मुंडा की हत्या के लिए भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो ने 5 करोड़ रुपये की सुपारी ली थी।[4] इतना ही नहीं, वर्षों से यह बात कही जा रही है कि नक्सली चुनावों में पैसे लेकर लोगों को किसी एक विशेष पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों पर दवाब बनाते है, यानी शोषितों और वंचितों को उनका अधिकार दिलाने के लिए लड़ने की बात करने वाले नक्सली, आम लोगों को अपनी इच्छा के अनुरूप अपने मताधिकार का भी उपयोग नहीं करने देते।

➢ झारखण्ड राज्य में नक्सलवाद प्रभावित जिलों की सूची :

1. पलामू
2. गढ़वा
3. चतरा
4. हजारीबाग
5. गिरिडीह
6. बोकारो
7. गुमला
8. लोहरदगा
9. कोडरमा
10. लातेहार
11. पश्चिम सिंहभूम
12. सिमडेगा
13. खरसांवा
14. पूर्वी सिंहभूम
15. खूंटी

➢ आंशिक रूप से प्रभावित जिलों की सूची

1. धनबाद
2. गोड्डा
3. राँची
4. साहेबगंज
5. दुमका
6. देवघर
7. पाकुड
8. जामताडा
9. रामगढ़

स्रोत : वार्षिक रिपोर्ट, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

गत 18 वर्षों में हुए लैंड माइंस विस्फोट और मुठभेड़ :

वर्ष	विस्फोट	मुठभेड़
2001	08	312
2002	08	267
2003	10	322
2004	12	279
2005	08	223
2006	08	307
2007	03	478
2008	03	436
2009	41	512
2010	29	496
2011	06	504
2012	04	404
2013	04	231
2014	06	231
2015	.....	196
2016	04	196
2017	02	159
2018	03	145
2019	.....	025

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार 18 साल में 5688 नक्सली हमले और घटनाओं में अब तक 510 पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं, वहीं पुलिसिया कार्रवाई में 846 नक्सली मारे गए हैं।

स्रोत :- दैनिक भास्कर, जून 05, 2019

नक्सल समस्या : गाँधीय समाधान

आज विश्व में शांति व समृद्धि लाने के लिए न पूंजीवाद और न ही समाजवाद कारगर है बल्कि गाँधीवाद ही वह मार्ग है जिससे सम्पूर्ण विश्व में शांति व समृद्धि को स्थापित किया जा सकता है। गांधीजी के रचनात्मक कार्य को धरातल पर उतारकर ही समस्त स्थानीय से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। आज हमारे देश के साथ बहुत से ऐसे देश हैं जो हिंसा के चपेट में हैं और यह समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में गाँधीजी के विचारों और सिद्धांतों की प्रासंगिकता बढ़ जाती है।

यह विचार सामान्य रूप से स्वीकार्य है कि जीवन कभी भी पूर्ण रूप से समस्या रहित नहीं हो सकता है। कोई भी विचारधारा यह जादू दिखाने का दावा नहीं कर सकती। यही कारण है कि गाँधी भी स्वयं को सत्य का अन्वेषक ही स्वीकार करते हैं।

नक्सलवाद की समस्या के समाधान हेतु हम शुरूआती तौर पर अहिंसक लोकशक्ति के संगठन के लिए शांति सेना या 'अंहिसा-वाहिनी' का व्यापक संगठन करें। यह तो आवश्यक है कि शांति शिक्षा या शिक्षा में अहिंसक क्रान्ति पर अमल करें। आज हमारे संस्कार ही हिंसक हो गये हैं। इसका परिष्कार कोई राजनेता या न्यायाधीश, पंडा या पुजारी नहीं कर सकता।[5] वह तो सम्यक शिक्षा में न जीवन है, न जीवन की सुनिश्चितता। ऐसी स्थिति में इस शिक्षा से समाज को नेतृत्व देने की आशा ही एक मृग-मरीचिका है। नक्सलवाद का एक मनोवैज्ञानिक कारण है कि मनुष्य अपनी समस्याओं को दूसरे के ऊपर थोपते हैं। जैसा कि विदित है कि गाँधी ने हमेशा ही साधन व साध्य के मध्य समन्वय पर बल दिया। उन्होने स्पष्ट रूप से पवित्र साध्य को प्राप्त करने के लिए साधन की पवित्रता पर भी जोर दिया। इसका स्पष्ट उदाहरण उनके द्वारा भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के चौरी-चौरा काण्ड के सन्दर्भ में देखा जा सकता है कि जब आन्दोलन अपनी चरमस्थिति में था तब आन्दोलनकारियों के द्वारा थाने को जला दिया गया जिसके प्रतिफलस्वरूप गाँधी ने इस आन्दोलन को वहीं रोक दिया। उनकी इस कार्यवाही की अनेक लोगों ने आलोचना भी की, लेकिन

उनका यह मत था कि हिंसक साधन के द्वारा स्वतन्त्रता को प्राप्त करना स्वराज्य के रास्ते में बाधा है, यह उनकी नैतिक आस्था की चरम सीमा है। गाँधी के सम्पूर्ण चिन्तन में समाज व व्यक्ति के उत्थान के मार्ग में हिंसक साधनों का प्रयोग उनकी मूल धारणा का विरोधी है। अतः गाँधीय चिन्तन को यदि हम सम्पूर्ण रूप से सामाजिक व्यवस्था में समाहित करें तो उन परिस्थितियों का अपने आप ही समाधान सम्भव हो जायेगा जिसके कारण नक्सलवादी गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है।

यदि हम गाँधी द्वारा सुझाई गई जीवन व्यवस्था को स्वीकार करने के लिए प्रस्तुत हैं, तो हम ऐसा समाज बनाएंगे, जिसमें नक्सलवाद की समस्या पैदा हो ही नहीं सकती। भले ही हिंसा पूरी तरह खत्म नहीं होगी, लेकिन संगठित हिंसा की जरूरत नहीं रह जाएगी, क्योंकि किसी भी समूह के साथ कोई अन्याय होने की संभावना न्यूनतम हो जाएगी।[6]

जैसा कि विदित है नक्सलवाद का एक प्रमुख कारण मानव के जीवन मूल्य में क्षरण है। इस जीवन मूल्य में क्षरण के नैतिक संकट का प्रमुख कारण यह है कि मानव जाति अकल्याणप्रद साधनों के विनियोग के माध्यम से लोक कल्याणकारी लक्ष्यों की प्राप्ति की अपेक्षा कर रही है। साधन व साध्य के मध्य विरोधाभास के दुष्परिणाम जीवन के प्रत्येक लक्ष्य में परिलक्षित हो रहे हैं। मनुष्य शांति की कामना के लिये विश्व शक्ति की प्रतिस्पर्धा में फँसा हुआ है।

नक्सलवाद के पनपने का एक प्रमुख मनोवैज्ञनिक कारण ''भय'' है। इस भय से मुक्ति पाने हेतु गांधी द्वारा बताये गये नियम समीचीन प्रतीत होते हैं। उन्होंने अभय की धारणा को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि ''अभय का अर्थ है सभी प्रकार के भय-मौत का भय, धन लूटे जाने का भय, शस्त्र प्रहार का भय, अप्रतिष्ठा का भय, अपमान का भय आदि से मुक्ति''। इससे मुक्ति हेतु गांधी ने बताया कि ''यदि हम पैसों और शरीर से अपनापन निकाल दे तो भय का सवाल ही नहीं''। इसके बारे में हम अपनी कल्पना बदल लें कि ये मेरे नहीं ईश्वर के हैं, और मैं भी उन्हीं का हूँ। इस जगत में मेरा कुछ भी नहीं है। तो भय का प्रश्न ही नहीं उठता।'' यदि लोगों के मन से वर्तमान एवं भविष्य का भय समाप्त हो जाये तो हथियार उठाने की नौबत ही नहीं आएगी।[7]

नक्सलवाद के उदय का प्रमुख कारण सामाजिक असमानता, बेरोजगारी, श्रम की महत्ता की कमी, आर्थिक असमानता है। यदि इन कमियों को दूर किया जाये तो बहुत हद तक नक्सलवादी समस्या का समाधान किया जा सकता है

और इनको दूर करने के लिए गांधी के ट्रस्टीशिप (न्यासिता का सिद्धांत) का प्रयोग किया जा सकता है।

गांधी ने कहा है कि आर्थिक समानता अहिंसक स्वाधीनता की सर्वकुंजी है। आर्थिक समानता के लिए कार्य करने का मतलब संघर्ष का उन्मूलन। इसका अर्थ है, एक ओर तो उन मुट्ठी भर धनवानों के स्तर को नीचे लाना जिनके हाथ में राष्ट्र की अधिकांश संपति केन्द्रित है और दूसरी ओर आधा पेट भोजन पर जीवन निर्वाह करने वाले लाखों-करोड़ों लोगों के स्तर को उपर उठाना। जब तक धनवानों और लाखों भूखे लोगों के बीच में अंतर नहीं मिटेगा तब तक अहिंसक समाज की कल्पना निरर्थक हैं, इनको सार्थक गाँधी के ट्रस्टीशिप सिद्धांत (न्यास) से किया जा सकता है।

गाँधी के अनुसार जो व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं से अधिक सम्पत्ति एकत्रित करता है, उसे केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु संपत्ति उपयोग करने का अधिकार है। शेष-संपत्ति का प्रबंध उसे एक ट्रस्टी के हैसियत से देखभाल कर समाज कल्याण पर खर्च करना चाहिए।[8]

इसके साथ गाँधी के सर्वोदय सिद्धांत को भी यदि लागू किया जाय तो नक्सलवाद की समस्या का समाधान किया जा सकता है। गांधी के अनुसार जाति का कल्याण, समाज कल्याण में निहित है। अतः सहजीवन कोई परमार्थ का सूत्र नहीं बल्कि जीवन का आधार है। लेकिन सहजीवन की साधना साम्ययोग के बिना संभव नहीं है। इसलिए सर्वोदय विचार की यह मान्यता है कि ''चाहे वकील का काम हो या नाई का, दोनों का मूल्य बराबर है।'' सर्वोदय की दृष्टि से मजदूर किसान या कारीगर की जीवन ही सच्चा एवं सर्वोत्कृष्ट है, ''पसीना बहाकर रोटी खाना ही यज्ञ है।'' गांधी द्वारा प्रतिपादित सर्वोदय विचार में त्याग के द्वारा हृदय परिवर्तन, तर्क एवं अध्ययन द्वारा वैचारिक परिवर्तन, शिक्षा के द्वारा मानवता का परिवर्तन, तथा पुरुषार्थ द्वारा स्तर परिवर्तन पर जोर है। इन विचारों को यदि पूर्ण रुप से आत्मसात् किया जाय तो सामाजिक असमानता स्वयं समाप्त हो जायगी। लोगों में असंतुष्टि की भावना उत्पन्न नहीं होगी।

इसके अलावा गाँधी का अपरिग्रह सिद्धांत नक्सलवाद की समस्या के समाधान का बेहतर विकल्प है। अपरिग्रह तथा अस्तेय परस्पर जुड़ा हुआ सिद्धांत है। इसकी मान्यता है कि यदि किसी वस्तु की उपयोगिता वर्तमान में नहीं है और वह मेरे पास है तो मूलतः वह वस्तु चोरी की गई नहीं भी हो तो भी

वह चोरी की संपत्ति की श्रेणी में रखी जाएगी। अपरिग्रह का अर्थ है भविष्य के लिए व्यवस्था करना। जो भविष्य के लिए संग्रह करता है उसे ईश्वर पर भरोसा नहीं है।

यदि ईश्वर पर भरोसा है तो वह सभी की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति अवश्य करेंगे। यदि प्रत्येक व्यक्ति उतनी ही रखे जितनी उसे आवश्यकता है तो कोई भी अभावग्रस्त नहीं होगा। अमीरी-गरीबी का भेदभाव समाप्त जाएगा जिससे असंतुष्टि की भावना समाप्त होगी। इसी असंतुष्टि का परिणाम नक्सलवाद है। जब सभी संतुष्ट और समान होंगे तो नक्सल की समस्या स्वतः ही समाप्त हो जाएगी।

संदर्भ

1. प्रकाश सिंह, द *नक्सल मुवमेंट इन इंडिया,* साउथ एशिया बुक, 1996
2. अल्फा शाह, *नाइट मार्च ए जर्नी इन टू इंडियाज नक्सल हर्टलैंडस*, साउथ एशिया बुक, 1996
3. बापातित्या पॉल, द *फस्ट नक्सल : ऐन ऑथोराइजड बायोग्राफी ऑफ कानु सन्याल*, सेज इंडिया, 2014, पृ. 139
4. बेला भाटिया, 'द नक्सल मुवमेंट इन सेंट्रल बिहार', *इकोनोमिक एण्ड पॉलिटिक्ल वीकली,* 9 अप्रैल 2005
5. एम. के. गाँधी, द *कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गाँधी,* पब्लिकेशन डिवीजन, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, दिल्ली, 1978
6. रामजी सिंह, *गाँधी और मानवता का भविष्य*, कॉमनवेल्थ पब्लिशर्स, दिल्ली, 2001, पृ. 98
7. महात्मा गाँधी, *सत्य के साथ मेरे प्रयोग,* प्रभात प्रकाशन, दिल्ली
8. एम.के. गाँधी, *मंगल-प्रभात*, नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, पृ. 40

डॉ. सतीश कुमार वर्मा
सहायक प्राध्यापक,
राजनीति विज्ञान विभाग,
सरिया कॉलेज, सरिया, गिरिडीह

❑❑❑

भारतीय संस्कृति में निहित पर्यावरण संदेश

● डॉ. रमा शर्मा

विश्व में भौतिक उन्नति के लिए नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। व्यक्ति जहाँ चन्द्रमा से बहुत ऊपर तक पहुँच गया है वहीं समुद्र तल की गहराईयों की सीमाओं को भी लांघ चुका है। व्यक्ति विकास के नित नये साधनों का आविष्कार किया जा रहा है। किन्तु देखने में आ रहा है कि दुनिया भर में स्वार्थ सिद्धि और भौतिक उन्नति करते-करते व्यक्ति अपने प्राकृतिक सामाजिक, सांस्कृतिक व नैतिक उत्तरदायित्व को भूलता जा रहा है। वह यह भी भूल जाता है कि भगवान द्वारा निर्मित इस प्रकृति के संसाधनों पर सृष्टि के अन्य प्राणियों का भी उतना ही अधिकार है जितना कि उसका। एक सुसंस्कृत समाज में रहने वाले संस्कारयुक्त व्यक्ति के प्रत्येक क्रिया-कलाप में विश्व कल्याण की भावना सन्निहित रहती है।[1] विकास और प्राकृतिक पर्यावरण के बीच विरोधाभास हो ये जरूरी नहीं, न ही विकास के कारण पर्यावरण और संसाधन हमेशा के लिए नष्ट किया जावे, अगर हम अपने पर्यावरण को बेहतर समझें तो विकास के लिए टिकाऊ प्रबंधन भी कर सकते हैं। गांधीजी ने कहा था कि **हमारे पास प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकता की पूर्ति के लिए बहुत कुछ है लेकिन किसी एक के लालच की पूर्ति के लिए अपर्याप्त है**।[2]

भारतीय संस्कृति जो वैदिक सभ्यता पर टिकी हुई है उसे हम विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति कह सकते हैं। हमारी संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाहित है। वेदों में बताई गई जीवन शैली के चलते हम अपने पर्यावरण को अपने तथा प्रकृति के अनुरूप बनाये रख सकते हैं। वेदों के अनुसार प्रकृति ही सबसे शक्तिशाली है। क्योंकि यही सृजन करती है और यही विनाश भी कर दिखाती है।[3]

भारतीय संस्कृति दर्शन सदैव प्रकृति का पुजारी रहा है। इसमें कहा गया है कि प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग तो करें किन्तु शोषण की स्पष्ट मनाही

है। शायद इसी कारण हमारे यहाँ पेड़-पौधों, नदियों तालाबों, खेत-खलिहानों, पशु-पक्षियों, कूप तथा बावड़ियों इत्यादि को समय-समय पर पूजे जाने का विधान है जिससे उनमें हमारी आस्था गहरी बनी रहे और उनके अनावश्यक शोषण से बचें।[4]

पर्यावरण का प्रभावी संरक्षण और उसे कदापि हानि न पहुँचाने का सम्पूर्ण विवरण हमारे प्राचीन ग्रंथों में समझाया गया है। ऋग्वेद का संदेश हैं ''मित्रस्यहम चक्षुषा सर्वानि भूतानि समीक्षे'' अर्थात् हम प्रकृति की समूची कृतियों को मित्र की दृष्टि से देखें। ऋग्वेद में अश्विन से प्रार्थना में उनका आभार जताते हुए कहा गया है कि हमें सूर्य की अत्यन्त घातक हानिकारक किरणों तथा ताप से बचाने के लिए आपने जो संरक्षण प्रदान किया उसके हम ऋणी हैं यह वर्तमान ओजोन परत के सिद्धान्त से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है।[5] पृथ्वी की सर्वव्यापकता को बताते हुए मंत्र में कहा गया है।

गर्भो अस्योषधीनां गर्भो वनस्पतीनाम्
गर्भो विश्वस्य भूतस्याऽग्ने गर्भो अपामसि

अर्थात् हे अग्ने, तुम औषधियों के गर्भ में हो वनस्पतियों के गर्भ में हो, सब भूतों के गर्भ में हो। इससे तात्पर्य है कि न केवल व्यापकता किन्तु वृक्ष, लता का बढ़ना, फैलना मौलिक तत्त्व रूप अग्नि के कारण होता है।[6] अथर्ववेद के अनुसार पृथ्वी का हृदय केन्द्र बिन्दु सूर्य है, जहाँ इसको शक्ति मिलती है द्युलोक में अग्नि सूर्य रूप में विद्यमान है पृथ्वी को माता द्युलोक को पिता कहा है।[7] व्योम रूपी आकाश (द्यौ) पृथ्वी को चारों ओर से व्याप्त इस आवरण (ओजोन परत) को हानिकारक उत्सर्जित गैसों से छिन्न करते हैं तो पृथ्वी का हृदय उच्छेदित होता है। ऋग्वेद में सूर्य को जगत की आत्मा कहा है—**सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुशश्च।**[8] ऋग्वेद के गायत्री मंत्र में सूर्य से सद्बुद्धि देने की प्रार्थना है **तत्सवितुर्वरिण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो योनः प्रचोदयात्।**[9] अर्थात् सविता देव का वरेण्य तेज जिसकी हम उपासना करते हैं वह हमारी बुद्धियों को प्रेरित करे। यह प्रदूषण को छोड़कर संरक्षण देने की बुद्धि प्रदान करता है।

चारों वेदों में मनुष्य द्वारा प्रकृति से की गई छेड़छाड़ के कारण बिगड़ते हुए चक्र का वर्णन है। भारतीय संस्कृति में उन घटक तत्त्वों के संरक्षण, संवर्धन और पोषक की कामना है जिससे विश्व कल्याण हो, अस्तित्व की रक्षा हो। सम्पूर्ण वैदिक साहित्य वेद, ब्राह्मण, उपनिषद्, स्मृति ग्रंथ, पुराण एवं लौकिक साहित्य,

पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के प्रदूषण रहित होने की कामना करता है। **ओम् द्यौ शान्तिरन्तरिक्ष 'शान्तिः पृथिवी 'शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः वनस्पतयः शान्ति विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म 'शान्तिः सर्वं शान्तिः 'शान्तिरेव 'शान्तिः सा मा 'शान्तिरेधि।**[10]

पुराणों के अनुसार नदियों एवं पर्वतों को भी पूज्य एवं आदरणीय बताया गया है। प्रत्यक्ष रूप से उन्हें तीर्थ की संज्ञा देकर उन्हें भगवान, सन्त, भक्त, ऋषि-मुनि महात्माओं की तपस्थलियों और साधना का क्षेत्र बना दिया, वहीं दूसरी ओर अप्रत्यक्ष रूप से उनके प्रदूषण की संभावनाओं पर नियंत्रण कर उनके संरक्षण के लिए एक सरल एवं सर्व व्यापक दिशा प्रदान की।

वेदों में जल की उपयोगिता और उसके महत्त्व पर बहुत बल दिया गया है। जल जीवन है, अमृत है भेषज है, रोगनाशक है और आयुवर्धक है। जल को दूषित करना पाप माना गया है। जल के विषय में कहा गया है कि जल से सभी रोग नष्ट होते हैं। जल सर्वोत्तम वैद्य है। जल, हृदय के रोगों को भी दूर करता है। जल को ईश्वरीय वरदान माना जाता है। अनेक मंत्रों में जल को दूषित न करने का आदेश दिया गया है। जल और वृक्ष वनस्पतियों को कभी हानि न पहुंचावें। पुराणों में तो यहाँ तक कहा गया है कि नदी के किनारे या नदी में जो थूकता है, मूत्र करता है या शौच आदि करता है, वह नरक में जाता है और उसे ब्रह्महत्या का पाप लगता है।[11]

अप्सु अन्तर्विश्वानि भेषजा।
आपश्च विश्वभेषजीः[12]
माऽपो हिंसीः माऔषधीहिंसीः।[13]
अपः पिन्व, औषधीर्जिन्व।[14]
मूत्र वाऽथ पुरीषं का गंगा तीरे करोति यः।
स याति नरक घोरं ब्रह्महत्यां च विन्दति[15]

पुराण के हिमाद्रीय व्रत खण्ड के अनुसार पंचवटी अर्थात् सुनिश्चित दूरी पर लगाये गये पाँच वृक्षों के समूह का विशिष्ट वैज्ञानिक, औषधीय और पौराणिक महत्त्व है। पूर्व दिशा में पीपल, पश्चिम में बरगद, दक्षिण में आंवला, उत्तर में बेल और दक्षिण पूर्व में अशोक के वृक्ष लगाने की वैज्ञानिक क्रिया ही पंचवटी है। सेन्ट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट के शोध के अनुसार पीपल 1800 कि.ग्रा. ऑक्सीजन घण्टे की दर से उत्सर्जित करता है। बरगद प्राकृतिक वातानुकूलन का कार्य करता है। विटामिन सी से भरपूर आंवला रोग प्रतिरोधक

क्षमता बढ़ाता है। बेल पाचन तंत्र को सुधारता है। अशोक वृक्ष महिलाओं को निरोग रखता है। अश्वत्थ (पीपल) की महत्ता बताते हुए श्री कृष्ण कहते हैं—

अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां मैं वृक्षों में अश्वत्थ (पीपल) हूँ स्पष्ट है पीपल 24 घंटे आँक्सीजन देता है इसलिए इसके संरक्षण के लिए प्रतिदिन पूजा करने का विधान है, पीपल को देव कहा है, वटवृक्ष में शिवशक्ति का निवास बताया गया है जिसकी आयु हजारों वर्ष है। अनेक व्रत उपवास, पर्वो के माध्यम से अलग-अलग वृक्षों को लगाना, पूजा के माध्यम से संरक्षण करने का आदेश दिया है, सम्पूर्ण धर्म शास्त्र इसी की व्याख्या करता है।

यजुर्वेद में पृथ्वी को ऊर्जा देने वाली तप्तायनी तथा धन सम्पदा देने वाली कहकर प्रार्थना की गई है वह हमें साधन हीनता तथा दीनता की व्यथा पीड़ा से बचाएं। **तप्तायनी में ऽसि वित्तायनी मेऽस्यवतान्मा नाथितादअवतान्मा व्यथितात्।**[16]

अथर्ववेद में पृथ्वी को अपनी सम्पूर्ण सम्पदा प्रतिष्ठित कर विश्व के समस्त जीवों का भरण पोषण करने वाली कहा गया है। **विश्वम्भरा वसुधानी प्रतिष्ठा हिरण्यवक्षा जगतो निवेषनी**[17]

पृथ्वी को माता के रूप में देखा गया है—**माता भूमिः पुत्रो ऽहं पृथिव्याः।**[18] अर्थात् यह भूमि माता के समान पोषक है और मैं पुत्र के समान इसका रक्षक हूँ। इसलिए यह संदेश दिया गया है कि मानव पृथ्वी का दोहन करते समय उसे चोट नहीं पहुंचाएं।

प्राचीन समय में भूमि प्रदूषित होने के कारण नहीं थे, इसलिए ऋषियों ने पवित्रता पर बल दिया। भूमि शुद्धि के लिए ब्रह्म पुराण का कथन है—भूमि की विशुद्धि दाह मार्जन (बुहारी लगाना) और गौओं के बैठने से हो जाती है **लेपादुल्लेखनात्सेकाद समार्जनादिना।**[19]

वेदों में वायु को अमृत कहा गया है। वायु जीवन शक्ति देता है इसको भेषज या औषधि कहा गया है। यह प्राण शक्ति देता है और अपान 'शक्ति के द्वारा सभी दोषों को बाहर निकालता है। ऋग्वेद में कहा गया है कि हम ऐसा कोई काम न करें, जिससे वायुरूपी अमृत की कमी हो। यदि हम प्राणवायु को कम करते हैं तो हम स्वयं हमारे लिए मृत्यु का संकट तैयार करते हैं।

यददो वात ते गृहे अमृतस्य निधिर्हितः।
तेन नो देहि जीवसे।[20]

नू चिन्नु वायोरमृतं वि दस्येत्।[21]
आ बात वाहि भेषजं वि वात वाहि यद् रपः।
त्वं हि विश्वभेषजः।[22]

यजुर्वेद में यज्ञों का विस्तार से वर्णन है। श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया है कि प्रजापति ब्रह्मा ने प्रजाओं का निर्माण कर कहा, तुम लोग यज्ञ द्वारा शुद्धि को प्राप्त करो और यह यज्ञ तुमको इच्छित वस्तु देने वाला होवे।[23] यज्ञ के धुएं से रोगों एवं कीड़ों का नाश होता है वायु शुद्ध होती है। यज्ञ से वर्षा होती है वर्षा से अन्न होता है जिससे प्राणियों के प्राण चलते हैं इसलिए कल्याणकारी जल की कामना करते हुए ऋषि कहता है—**शिवा नः सन्तु आयुषे सन्त्वायुषे शिवा भवन्तु मातरः**।[24] यज्ञ करने से पहले जल से आचमन कर आंतरिक शुद्धि का विधान है। अतः जल को दूषित नहीं करने के लिए कहा है—**मा नो हिंसीः मा ओषधिः हिंसी**।[25] ऋग्वेद में कहा गया है मनुष्य अपने उत्तम कर्मों से एक ओर ऊँचे प्रदेशों में गाय आदि के लिए तृण उत्पन्न करे वहीं निचले प्रदेशों में जल को सुरक्षित रखे।[26]

भारतीय दर्शन में अनेक जीव हिन्दू देवी-देवताओं के वाहन के रूप में प्रस्तुत किये जाते रहे हैं तथा भगवान ने विभिन्न जीव अवतारों के माध्यम से अनेकों असुरों का संहार कर सृष्टि को बचाया है। इन जीवों में भगवान का वास होने के कारण हिन्दू धर्म के लोग इनको पूजते हैं और हानि होने से बचाते हैं।[27] श्री कृष्ण ने विभूतियोग में स्वयं को सृष्टि का अधिष्ठाता एवं उसमें विद्यमान रहने वाली शक्ति को आत्मा बताया गया है इसलिए स्वार्थ से ऊपर उठकर ईश्वरीय भाव से सभी वस्तुओं को देखने एवं संरक्षण करते हुए कर्मफल का त्याग करते हुए कर्म करने की प्रेरणा देता है जिससे हम प्रकृति का संरक्षण कर सकें।[28]

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषाः विश्ववेदाः।
स्वस्ति न स्ताक्ष्यों ऽ अस्ष्टिनेमिः स्वस्ति नो वृहस्पतिः दधातु।[29]

अतः इन्द्र, विश्ववेद, पक्षी गरूड़ वृक्षस्पति से सभी का कल्याण करने की कामना है जिससे हम सौ वर्षों तक जीएं, देखें, सुनें, बोलें।

भारतवर्ष ही नहीं विश्वभर में नदियों के किनारे अनेक सभ्यताओं का जन्म इस बात का स्पष्ट प्रमाण है। वैदिक सहित्य में मानव जीवन अस्तित्व, पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, सूर्य, नदी, वृक्ष और पशु पक्षियों के साथ स्वीकारा गया है। वेद कहते हैं कि देवताओं का पूजन किसी वनस्पति के बिना

नहीं किया जा सकता है। गणेश जी को दूर्वा, शिव को बिल्व पत्र, विष्णुजी को तुलसी दल अर्पित करने के अलावा वट वृक्ष और पीपल को शुभ मानकर उसमें जल चढ़ाना और पूजन प्रकृति प्रेम को मनुष्य से जोड़ना ही है। कुछ वर्ष पूर्व नेशनल जियोग्राफिकल सोसायटी द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण में भी इसे स्वीकार किया जा चुका है कि हिन्दू धर्मावलंबियों का रहन-सहन तथा व्रत-पर्व सर्वाधिक ईको-फ्रेंडली है। हिन्दू एक जीवन शैली है जो प्रकृति का संरक्षण करती है।[30]

संदर्भ :

1. विनोद बंसल, ''वैश्विक उन्नति संदर्भ का आधार भारतीय संस्कृति'' *विद्या भारती प्रदीपिका,* वर्ष 39, अंक 3, अप्रैल-जून, 2019
2. देवेश कुमार सोनी, ''हम और पर्यावरण'' *विद्या भारती प्रदीपिका,* वर्ष-39, अंक-3, अप्रैल से जून, 2019
3. सूर्यकान्त मिश्रा, ''प्रकृति से निकटता प्रदूषण का विकल्प'' *पर्यावरण ऊर्जा टाइम्स,* वर्ष 21, अंक 5, 10 जून, 2018
4. विनोद बंसल, ''वैश्विक उन्नति का आधार भारतीय संस्कृति'' पूर्वोक्त।
5. एस.एस. बिस्सा, ''धर्म में छिपा पर्यावरण का मर्म'', *राजस्थान पत्रिका,* 5 जून, 2016
6. *यजुर्वेद,* 12.37, श्री दयानन्द सरस्वती परोपकारिणी सभा, वैदिक मंत्रालय अजमेर, 1970
7. *ऋग्वेद,* 10.89.3, श्री दयानन्द सरस्वती परोपकारिणी सभा, वैदिक मंत्रालय, अजमेर, 1976
8. *ऋग्वेद,* 1.115.1, पूर्वोक्त
9. ऋग्वेद, 3.62.10, पूर्वोक्त
10. *यजुर्वेद,* 36.17, पूर्वोक्त
11. वेदों में लोककल्याण।
12. *ऋग्वेद,* 1.23.20।
13. *यजुर्वेद,* 6.22
14. *यजुर्वेद,* 14.8
15. पद्मपुराण क्रियायोग 8.8 से 10, गीताप्रेस गोरखपुर।
16. *यजुर्वेद,* 5.9

17. *अर्थववेद*, 12.16
18. मोतीलाल जोशी, संस्कृत वाङ्मय में पर्यावरण चेतना।
19. *ब्रह्म पुराण*, 11.24, गीताप्रेस गोरखपुर।
20. *ऋग्वेद* 10.186.3
21. *ऋग्वेद* 6.37.3
22. *अर्थववेद* 4.13.3
23. *श्रीमद्भगवदगीता*, 3.10 गीताप्रेस गोरखपुर, 2008।
24. *अर्थववेद*, 10.140.3
25. *यजुर्वेद*, 6.22, 14.8
26. ऋग्वेद, 1.161.11
27. मीना राठौड़, *बुद्धि सागर*, 2013 ''पर्यावरण शिक्षा और जागरूकता'', अग्रवाल पब्लिकेशन।
28. *श्रीमद्भगवद्गीता* 10.19 से 42
29. यजुर्वेद 25.19
30. सूर्यकान्त मिश्रा, 'प्रकृति से निकटता, प्रदूषण का विकल्प', पूर्वोक्त।

डॉ. रमा शर्मा
व्याख्याता (सी.टी.ई.)
बुनियादी शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय,
सरदार शहर, चूरू, राजस्थान

❑❑❑

भारतीय संस्कृति में अहिंसा व शांति शिक्षा की प्रासंगिकता

● डॉ. अविनाश पारीक

भारतीय संस्कृति में अहिंसा का बहुत महत्त्व है, तो पारिवारिक व सामाजिक जीवन में भी अहिंसा का कम महत्त्व नहीं है। अहिंसा का आध्यात्मिक पक्ष है— भाव विशुद्धि, संयम और संवेदनशीलता का विकास। उसका सामाजिक पक्ष है— सामुदायिक चेतना का विकास। इस उभयपक्षीय विकास की दिशा में चिंतन, प्रयत्न और प्रयोग चलते रहें, तो जीवन के हर क्षेत्र में अहिंसा की प्रतिष्ठा हो सकती है। अहिंसा की प्रतिष्ठा होने पर बैर-विरोध का परित्याग हो जाता है, जीवन का हर क्षण शांति, प्रेम और मैत्री की सौरभ से सुरभित बना रहता है। जीवन की इससे बड़ी उपलब्धि क्या हो सकती है? दर्शन एवं शिक्षा के मध्य घनिष्ठ सम्बन्धों का विद्यमान होना भारतीय संस्कृति का उज्ज्वल पक्ष है। दर्शन मानव-जीवन के विभिन्न पक्षों पर विचार करता है उसके लक्ष्य-संधारित करता है। आज हम जिस दुनिया में रह रहे हैं उसमें शांति की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार शिक्षा का अर्थ मुक्ति प्रदान करना है। **सा विद्या या विमुक्तये शिक्षा** व्यक्ति की बुद्धि को परिष्कृत परिमार्जित करती है। अज्ञानांधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती है। अत: शांति शिक्षा एक सकारात्मक दृष्टिकोण है जिसका अर्थ ऐसे नागरिकों का निर्माण करना है जो अहिंसा, सामाजिक न्याय, भ्रातृत्व व समानता आदि सकारात्मक गुणों को अपने जीवन का अंग बनाएं और हिंसा, शोषण, सामाजिक अन्याय, द्वेष, परस्पर वैमनस्य और असहयोग आदि नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहें।

नि:संदेह भारतीय संस्कृति के अनुसार शिक्षा के माध्यम से शांति एवं अहिंसा को स्थापित करने के लक्ष्य की पूर्ति सरलता से की जा सकती है। आज विद्यालय एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा देने की आवश्यकता है जिससे उनमें आतंकवाद, हिंसा, विद्वेष जैसी अवांछनीय घटनाओं के प्रति नकारात्मक

दृष्टिकोण विकसित हो तथा परस्पर सौहार्द्र, सह-अस्तित्व, सहयोग, सहिष्णुता, भाईचारा जैसे सकारात्मक गुण पल्लवित हो सके। शांति के संदेश को हृदयंगम करके राष्ट्र के भावी नागरिक समाज में शांति बनाकर शांतिदूत का कार्य बखूबी कर सकते हैं। शांति शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से नये नागरिकों व नेताओं की प्रत्येक पीढ़ी में हिंसा व युद्ध में परिणित होने वाली कलह की आवृत्ति व मात्रा को कम करने के लिए आवश्यक सोच, समझदारी व कौशल विकसित करना अपेक्षित है। इससे समाज की ऊर्जा व बौद्धिक क्षमता तथा भौतिक संसाधनों का प्रयोग शांति की संघृत तथा प्रगतिशील संस्कृति के निर्माण में सम्भव हो सकेगा। भारतीय दर्शन परम्परा ने अपने समृद्ध विचारों व मूल्यों से समस्त संसार का जगद्गुरु के रूप में नेतृत्व किया। हम शांति और अहिंसा के द्वारा समस्त समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। जिसकी आज इस भयाक्रांत विश्व को अत्यधिक आवश्यकता है।

आज का मनुष्य हिंसा की समस्या से आक्रान्त हैं, व्यथित है, चिन्तित हैं। वह चाहता हैं कि हिंसा घटे, अपराध मिटे, अहिंसा का विकास हो, सर्वत्र शांति का साम्राज्य हो। यह चाह तभी सफल हो सकती है, जब अहिंसा भारतीय ग्रन्थों एवं पंथों से निकलकर जीवन व्यवहार की विषय वस्तु बन जाये। आज स्थिति यह है कि हिंसा की समस्या जिस प्रबलता से बढ़ रही है, उसी गति से अहिंसा का विकास नहीं हो रहा है। भारतीय संस्कृति में अहिंसा एवं शांति का बहुत महत्त्व है, तो पारिवारिक/सामाजिक जीवन में भी अहिंसा एवं शांति का महत्त्व कम नहीं है। नैतिकता के बिना अहिंसा सिद्ध नहीं हो सकती और अहिंसा के बिना नैतिकता प्रतिष्ठापित नहीं हो सकती है।[1]

भारतीय संस्कृति के सम्बन्ध में प्रो. अजहर हाशमी ने कहा था, ''भारतीय संस्कृति नैतिकता की नदी में मानवीय मूल्यों की नौका है, जिसे परमार्थ का मांझी भक्ति की पतवार से आगे बढ़ाता है। भारतीय संस्कृति न किसी मौलवी की नमाज है, न किसी पण्डित का तिलक, न किसी गुरुद्वारे की अरदास है, न ईसाईयत का क्रॉस है। यह तो मानवीय मूल्यों का लगातार विस्तार है।''[2] अत: दर्शन एवं शिक्षा के मध्य घनिष्ठ सम्बन्धों का विद्यमान होना भारतीय संस्कृति के उज्ज्वल पक्ष को स्पष्ट करना है। दर्शन मानव जीवन के विविध पक्षों पर विचार करता है एवं उसके लक्ष्य को संधारित करता है। आज हम जिस दुनियां में रह रहे हैं उसमें शांति की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार शिक्षा का अर्थ मुक्ति प्रदान करना है। 'सा विद्याया विमुक्तये' शिक्षा व्यक्ति की बुद्धि को परिष्कृत एवं परिमार्जित करती है। अज्ञानान्धकार से निकाल कर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती है। अत:

शान्ति शिक्षा एक सकारात्मक दृष्टिकोण है जिसका अर्थ ऐसे नागरिकों का निर्माण करना है जो अहिंसा, सामाजिक न्याय, भ्रातृत्व व समानता आदि सकारात्मक गुणों को अपने जीवन का अंग बनाए और हिंसा, शोषण, सामाजिक अन्याय, द्वेष, परस्पर वैमनस्य और असहयोग आदि नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहे।

आचार्य महाप्रज्ञ के अनुसार अहिंसा के दो आयाम हैं—प्रतिरोध और प्रतिकार। अहिंसा में प्रतिरोध और प्रतिकार की शक्ति नहीं रही तो अहिंसक निर्वीय बन जाएगा, शक्ति संतुलन हिंसा के हाथ में चला जाएगा। आज जन-साधारण में अहिंसा के प्रति जो भ्रम है, वह निरस्त होना चाहिए। उसे यह अनुभव होना चाहिए कि अहिंसा निर्वीय नहीं है। उसमें प्रतिरोध और प्रतिकार की हिंसा की अपेक्षा अधिक सूक्ष्म और तीव्र है। अहिंसा में विश्वास करने वाला हिंसा का प्रतिरोध और प्रतिकार उससे अप्रभावित होकर करता है, हिंसा की परिस्थिति को मान्यता न देते हुए करता है। हिंसा और अहिंसा परस्पर विजातीय हैं। इसलिए अहिंसा की प्रतिरोध-शक्ति है। स्वतंत्र चेतना का अनावृत्तीकरण और उसकी प्रतिकार शक्ति है। प्रेम एवं शान्ति का विस्तार और उतना विस्तार, जिसमें शून्य न हो, अप्रीति के लिए कोई अवकाश न हो।[3]

किसी भी संस्कृति को नष्ट करना हो तो उसकी भाषा को प्रदूषित कर दो और भाषा में जो महत्त्वपूर्ण शब्द हैं उनका छेदन कर दो, उनको प्रदूषित कर दो और हमारे साथ यही हो रहा है। भारतीय दर्शनों के विषय में हमारी धारणा थी वह शास्त्रों के अलावा हमारे लोक-जीवन में, लोकभाषा में, लोक व्यवहार में भी विद्यमान थी, उसको धीरे-धीरे करके हम लोग भूलते जा रहे हैं। वेद को प्रकट करने वाला तत्त्व ब्रह्म है और ब्रह्म ही वेद है। भारतीय संस्कृति एवं अहिंसा मूलतः वैदिक संस्कृति पर आधृत है[14] वेद, वे अमूल्य निधि स्वरूप हैं, जिनके प्रत्येक मंत्र में अध्यात्म, विज्ञान, सामाजिकता, राष्ट्रीयता, एकता एवं अहिंसा इत्यादि का भाव सन्निहित है। वैदिक साहित्य के मंत्र तत्कालीन समय के तुल्य ही सम्प्रति भी पूर्णतः प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। आज भारत देश ही नहीं विश्व के अनेक देश हिंसा एवं अशांति जैसी विभिन्न समस्याओं से ग्रसित हैं। इन समस्याओं के निराकरण के लिए **संगच्छध्व संवध्वं संश्वो मंनासि जानताम** तथा **तन्मे मनः शिव संकल्पमस्तु** से अनुप्राणित वैदिक संस्कृति हमें अहिंसा एवं शांति को समरस बनाने का अमृत पाथेय प्रदान करती है।

अहिंसा और आत्मनिरीक्षण—ये दोनों पृथक नहीं हैं। हिंसा और परदर्शन को भी पृथक नहीं किया जा सकता। जिस व्यक्ति ने सदा दूसरों को देखा है, पदार्थ को देखा है, वह हिंसा में उतर जाएगा। जिसने अपने आपको देखना शुरू किया

है, अपना दर्शन, अपना निरीक्षण किया है, वह हिंसा से दूर होता चला जाएगा, उसके जीवन में अहिंसा उतरती चली जाएगी। आज पूरे विश्व में अहिंसा एक चर्चित शब्द बन गया है। हजारों वर्षों पहले अहिंसा की शिक्षा, प्रशिक्षण और सिद्धान्त बतलाए गए हैं। महात्मा गांधी ने अहिंसा को एक व्यापक स्वरूप प्रदान किया और विश्व के सामने अहिंसा की शक्ति को तेजस्वी रूप में प्रस्तुत किया। वर्तमान दो-तीन दशकों में जिस प्रकार हिंसा बढ़ी है, अहिंसा की अभीप्सा और अधिक जागृत हुई है।[5]

गांधी दर्शन के अनुसार अहिंसा की अवधारणा में धार्मिक, राजनीतिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक आदि सभी पक्ष समाहित हैं। इस कारण वे किसी समाज दार्शनिक की भांति अहिंसा का वह संकुचित अर्थ नहीं लेते, जिसमें केवल मानवीय हिंसा को ही हिंसा माना जाता है। गांधी की अहिंसा में केवल मानवीय हिंसा ही नहीं, जैविक और मानसिक हिंसा भी समाहित है। वे किसी को मानसिक या भावनात्मक रूप से अकारण क्लेश पहुंचाना, किसी के प्रति ईर्ष्या या द्वेष रखना, किसी के प्रति बुरा सोचना, अनुचित स्वामित्व, असत्य संभाषण आदि ऐसी मानसिक वृत्तियों को भी हिंसा मानते हैं, जिनसे प्रत्यक्षत: किसी प्रकार की हिंसा दृष्टिगोचर नहीं होती। अपनी अहिंसा में वे सूक्ष्मतम जीवों तक का ध्यान रखने में जैनियों के तुल्य हैं। निश्चय ही उनकी अहिंसा में एक साथ सूक्ष्मता और व्यापकता, गहनता और उदात्तता, व्यावहारिकता और अध्यात्मिकता समाहित हैं।[6]

हिन्दू धर्म के मूल मूल्यों से निर्मित हुए दो और धर्म हैं—जैन और बौद्ध धर्म। दोनों ही धर्मों का मूल अहिंसा है। स्वाभाविक हैं कि इन धर्मों का पालन करने वालों के लिए व्यवहार में भी अहिंसा का पालन आवश्यक होगा। भगवान महावीर, जो चौबीसवें तीर्थंकर हुए, उन्होंने त्याग और संयम के दो मुख्य नियम प्रस्थापित किए। इन नियमों में से एक और नियम अपरिग्रह निष्पन्न हुआ। आर्थिक व्यवहारों में अपरिग्रह का पालन करने से अहिंसा अपने आप स्थापित होती है।[7] महावीर स्वामी के दर्शन में हिंसा और परिग्रह दोनों ही आत्मा और चेतना के विकास में बाधक हैं। इस तरह अपरिग्रह ही महावीर स्वामी के आर्थिक व्यवहारों में नीति का बीज-मंत्र है। आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी लिखते हैं कि, ''हिंसा और परिग्रह तथा अहिंसा और अपरिग्रह अलग शब्द प्रतीत होते हैं और उनके अर्थ भी अलग मालूम होते हैं। परिग्रह और अपरिग्रह कारण है, हिंसा और अहिंसा परिणाम है।[8]

बौद्ध दर्शन एवं साहित्य में मनुष्य के दैनिक व्यवहार पर चर्चा की गई है। बौद्ध धर्म का मूल मूल्य करुणा है। इस मूल्य से अहिंसा रूपी निर्मलता प्रकट होती है। बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में ब्रिटिश अर्थशास्त्री ई.एफ. शुमाकर ने ''बुद्धिस्ट

इकोनॉमिक्स'' को प्रचलित किया। उसकी समझ में बौद्ध धर्म को अर्थशास्त्र के सिद्धान्तों में मानव सभ्यता का निर्मल एवं पवित्र अहिंसक मानव चरित्र माना है। बुद्ध के मूल उपदेशों के अनुसार कोई भी आजीविका या व्यवसाय जो किसी अन्य जीव को हानि अथवा पीड़ा पहुंचाएं अथवा व्यक्ति को पतन की ओर ले जाए, नहीं करना चाहिए। आजीविका नेक, शांतिमय तथा हानिरहित अहिंसक उपायों द्वारा ही प्राप्त करनी चाहिए।

बीसवीं सदी के आरम्भ तक पश्चिमी सभ्यता के जो लक्षण गांधीजी को दिखें और उन्होंने समझा, उसका बयान उन्होंने 'हिन्द स्वराज' में किया। उनका मुद्दा यह था कि पश्चिमी संस्कृति के मानव का मूल लक्ष्य हिंसक एवं अशांति के द्वारा शरीर सुख और भौतिक सम्पन्नता प्राप्त करना है।[9] एक तरह से कहें तो पश्चिमी समाज ईमान-धर्म से विखण्डित हो गया। गांधीजी ने अपनी आलोचना में यह स्पष्ट लिखा था कि—सभ्यता के समर्थक साफ कहते हैं कि उनका काम लोगों को धर्म एवं शांति का मार्ग दिखाना नहीं है। धर्म एवं शांति तो ढोंग है, ऐसा कुछ लोग मानते हैं। शरीर का सुख कैसे मिले, आज की सभ्यता यह ढूंढ़ती है और यही देने की कोशिश करती है।[10] गांधीजी को ''हिन्द स्वराज'' लिखते समय तक यह दिखाई दे रहा था कि इस भौतिक सम्पन्नता को प्राप्त करने की कोशिशों में व्यक्ति और देश हिंसा में लिप्त हो जाएंगें और मानवता खतरे में पड़ जायेगी।

गांधी दर्शन एवं साहित्य के आधार पर यह कहा जा सकता हैं कि नैतिकता के सन्दर्भ में गांधीजी ने अहिंसा को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया है। गांधीजी के मतानुसार अहिंसा सवोच्च धर्म और सर्वोच्च नैतिकता है। अहिंसा का धर्म केवल ऋषियों एवं सन्तों के लिए ही नहीं है, यह सर्वसाधारण जनता के लिए भी है।[11] अहिंसा मानव जाति का धर्म है, जिस प्रकार हिंसा हिंसक पशुओं का धर्म है।[12] गांधीजी के अनुसार यह आध्यात्मिक एकता के सिद्धान्त का विनियोग है। उनके मत में अहिंसा का मूलभूत सिद्धान्त इसी पर आधारित हैं कि जो एक के लिए श्रेयस्कर है वह समान भाव से सारे विश्व के लिए श्रेयस्कर है।[13] ईश्वर और सत्य को प्राप्त करने के लिए प्रेम सबसे बड़ा साधन है जो अहिंसा का भावात्मक रूप कहा जा सकता है। इसलिए जो कार्य बड़े से बड़े तर्क और शक्ति के द्वारा नहीं किए जा सकते वे अहिंसा और प्रेम रूपी शांति के बल पर आसानी से किए जा सकते हैं।

जीवन के रण में संसार ने वर्तमान में युद्ध व अस्त्र-शस्त्रों के अनेक रूप देखे हैं। जब मनुष्य आहार संग्राहक युग से शिकारी युग में पहुंचा तब उसने पत्थर के हथियार बनाए। उसी वन्य युग के शिखर पर उसने तीर-धनुष से युद्ध लड़े। फिर राजतंत्रों के युग में तलवार उसकी निर्णायक हथियार बनी। फिर बारूद की खोज

हुई और उसने आग्नेयास्त्र बनाने में कुशलता प्राप्त की। बन्दूकों ने तोपों और तोपों ने आधुनिक टेंकों का रूप ले लिया। फिर परमाणु बम भी बने। भौतिकीय युद्धों से आगे बढ़कर हमने रासायनिक और जैविक युद्ध के लिए भी क्रमशः रासायनिक व जैविक हथियार तैयार कर लिए हैं। ये सभी अस्त्र-शस्त्र युद्ध में विध्वंसक भी रहे हैं और सफल भी। मगर गांधीजी ने पहली बार शांति के लिए सृजनात्मक और अहिंसात्मक युद्ध का प्रचलन किया। उनके हाथ में भी लाठी थी, मगर उन्होंने चरखे से शांति के लिए लड़ाई लड़ी। उनकी खादी आजादी का हथियार बन गई।[14]

विश्व शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ बना। अब झटपट युद्ध नहीं होते। पहले चर्चा होती है, चिंतन होता है, इससे प्रायः आवेश शांत हो जाता है। युद्ध आवेश में शुरू होते हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ के द्वारा उस आवेश पर छींटा डालकर उफान को शांत कर दिया जाता है। तुरत-फुरत युद्ध शुरू नहीं हो पाते। शांति की परिभाषा करते हुए युद्धशास्त्रियों ने कहा है—''शांति का मतलब है दो युद्धों के बीच होने वाली तैयारी।'' युद्ध कम हो जाने का एक कारण यह है कि युद्धोपकरण महंगे हो गए और शक्ति संतुलन इतना बराबर का हो गया है कि हर किसी को दूसरे से खतरा दिखाई देता है। परमाणु युद्ध कभी भी हो सकता था यदि शक्ति संतुलन न होता। यदि अहिंसा-प्रशिक्षण का सूत्र व्यापक बनता तो शक्ति संतुलन के नाम पर शस्त्रीकरण को बढ़ावा नहीं मिलता, शांति और सुरक्षा का दर्शन शास्त्रों में नहीं मिलता है।[15]

भारतीय दर्शन परम्परा ने अपने समृद्ध विचारों व मूल्यों से समस्त संसार का जगद्गुरु के रूप में नेतृत्व किया। जैन व बौद्ध दर्शन के प्रवर्तक रूप में महावीर स्वामी व बुद्ध ने सम्पूर्ण विश्व में शांति एवं अहिंसा को मानव धर्म का एक महत्त्वपूर्ण अंग बनाया, तो वही आधुनिक भौतिकवादी युग में गाँधी ने सम्पूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा व सदाचार जैसे मूल्यों की शक्ति से परिचित कराया और सिद्ध किया कि हम भारतीय आध्यात्मिक मूल्यों में समस्त संसार से कहीं आगे है। हम शांति और अहिंसा के द्वारा समस्त समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। जिसकी आज भयाक्रांत विश्व को अत्यधिक आवश्यकता है। शांति के लिए शिक्षा-अन्तरराष्ट्रीय (ई.एफ.पी. इण्टरनेशनल) तथा इसके सहयोगी संस्थाओं का गठन विश्व के सभी मानव समाजों में शांति शिक्षा कार्यक्रमों को लागू करने के लिए किया गया है। यूनेस्को तथा यूनिसेफ जैसी संस्थाएं भी अहिंसा एवं शांति शिक्षा की जोरदार ढंग से वकालत कर रही हैं। सन् 2000 को शांति संस्कृति व विश्व के बच्चों के लिए अहिंसा का अन्तरराष्ट्रीय वर्ष तथा वर्ष 2001-2010 तक के दशक को शांति, संस्कृति व विश्व के बच्चों के लिए अहिंसा का अन्तरराष्ट्रीय दशक मनाया जाना वस्तुतः यूनस्को की महान विचारधारा का सूचक हैं।[16]

सुझाव

मानवता के अस्तित्व को अक्षुण्ण रखने एवं विश्व को युद्धों की विभीषिकाओं से बचाने के लिए हम सभी को शांति शिक्षा के प्रचार-प्रसार में कटिबद्ध होकर सहयोग करना होगा एवं श्रेष्ठ गुणों को अपने जीवन का अंग बनाए और हिंसा, शोषण, सामाजिक अन्याय, द्वैष, परस्पर वैमनस्य और असहयोग आदि नकारात्मक प्रवृत्तियों से भी दूर रहना होगा। निः संदेह भारतीय संस्कृति के अनुसार शिक्षा के माध्यम से शांति एवं अहिंसा को स्थापित करने के लक्ष्य की पूर्ति सरलता से की जा सकती है। आज विद्यालय एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा देने की आवश्यकता है जिससे उनमें आतंकवाद, हिंसा, विद्वैष जैसी अवांछनीय घटनाओं के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो तथा परस्पर सौहार्द्र, सह-अस्तित्व, सहयोग, सहिष्णुता, भाईचारा जैसे सकारात्मक गुण पल्लवित हो सकें। शांति के संदेश को हृदयंगम करके राष्ट्र के भावी नागरिक समाज में शांति बनाकर शांति दूत का कार्य बखूबी कर सकते हैं। परन्तु वर्तमान में जहां अनेक विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, सरकारी संस्थाएं तथा सामाजिक संगठन हिंसा, अलगाव, आन्दोलन, युद्ध जैसी समस्याओं के शैक्षिक अध्ययन पर अपने बहुत संसाधन को लगाते हैं। वहीं शांति शिक्षा या अहिंसा के लिए शिक्षा प्रदान करने की दिशा में तनिक भी सक्रिय नहीं है। अतः अभिभावकों, अध्यापकों, छात्रों, युवाओं तथा देश के भावी नेताओं को शांति के मूलभूत सिद्धान्तों की शिक्षा देने के लिए एक सुनियोजित तथा संधृत कार्यान्वयन योजना बनाने व क्रियान्वित करने की सख्त जरूरत है।

निष्कर्ष

भारतीय संस्कृति के अनुसार अहिंसा की अवधारणा में धार्मिक, राजनीतिक, नैतिक, आध्यात्मिक आदि सभी पक्ष समाहित हैं। शांति शिक्षा कार्यक्रमों से नये नागरिकों व नेताओं की प्रत्येक पीढ़ी में हिंसा व युद्ध में परिणित होने वाली कलह की आवृत्ति व मात्रा को कम करने के लिए आवश्यक सोच, समझदारी व कौशल विकसित करना अपेक्षित है। इससे समाज की ऊर्जा व बौद्धिक क्षमता तथा भौतिक संसाधनों का प्रयोग शांति की संधृत तथा प्रगतिशील संस्कृति के निर्माण में सम्भव हो सकेगा। इस प्रकार शांति शिक्षा का लक्ष्य शिक्षा के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व में शांति स्थापित करके युद्ध, संघर्ष व हिंसा के माहौल को समाप्त करना है। इसके लिए सह-अस्तित्व, सहिष्णुता व भाईचारे की भावना को पोषित करके अलगाववाद, आतंकवाद व सम्प्रदायवाद की कलुषित दुर्भावनाओं को समाप्त करना होगा। अनुसंधान मूलक कार्यों से निश्चय ही विश्व के देशों में अस्तित्व

में सद्भावना के अन्तर्गत अहिंसा एवं शांति शिक्षा के प्रति मानवता के लिए सकारात्मक शुभ संकेत अपेक्षित है।

सन्दर्भ ग्रन्थ

1. *अणुव्रत*, पाक्षिक पत्रिका, वर्ष : 56, अंक : 13, 1-15 मई, 2011, अणुव्रत महासमिति, नई दिल्ली, पृ. 5
2. *शिविरा पत्रिका*, वर्ष : 10, अंक : 10 अप्रेल, 2013, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, बीकानेर, पृ. 15
3. आचार्य महाप्रज्ञ, *मैं, मेरा मन, मेरी शांति*, आदर्श साहित्य संघ, नई दिल्ली, 2007, पृ. 38-39
4. स्वामी संवित् सोमगिरि, *कालजयी सनातन धर्म*, मानव प्रबोधन प्रन्यास, बीकानेर, 2008, पृ. 51
5. आचार्य महाप्रज्ञ, *नया मानव नया विश्व*, आदर्श साहित्य संघ, नई दिल्ली, 2008, पृ. 36
6. कृष्णाकान्त पाठक, *गांधीवाद और मार्क्सवाद*, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 2010, पृ. 11
7. आचार्य महाप्रज्ञ, *इकोनोमिक्स ऑफ नॉन वायलेंस*, जैन विश्व भारती, विश्वविद्यालय, लाडनूं, 2008, पृ. 3-4
8. एस.एल. गांधी, *इकोनॉमिक्स ऑफ नॉन वायलेंस एण्ड द विजन ऑफ ए सस्टेनेबल वर्ल्ड*, जैन विश्वभारती, लाडनूं, 2008, पृ. 9-12
9. फ्रिट्नॉफ काप्रा, द *टर्निंग पॉइंट*, लेमिंगो, हार्पर कोलिंस, लंदन, अध्याय-7, 1993, पृ. 201
10. मोहनदास कर्मचन्द गांधी, *हिन्द स्वराज*, सर्व सेवा संघ, वाराणसी, 2002, पृ. 36
11. *यंग इण्डिया*, अहमदाबाद, 11 अगस्त, 1920
12. वही
13. *हरिजन पत्रिका*, पूना, अहमदाबाद, मद्रास, 12 नवम्बर, 1938, पृ. 329
14. *शिविरा पत्रिका*, मासिक, वर्ष : 52, अंक : 4, अक्टू., 2011, पृ. 14
15. आचार्य महाप्रज्ञ, *नया मानव नया विश्व*, आदर्श साहित्य संघ, लाडनूं, 2008, पृ. 45
16. एस.पी. गुप्ता, *भारतीय शिक्षा का इतिहास, विकास एवं समस्याएं*, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद, 2009, पृ. 574-75

डॉ. अविनाश पारीक

सह आचार्य

आई.ए.एस.ई. मानित विश्वविद्यालय, गांधी विद्या मन्दिर, सरदारशहर

❑❑❑

उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय संस्कृति के समावेशन हेतु विषय-वस्तु

● डॉ. सरिता शर्मा

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रो. जेरोमी ब्रुनर के अनुसार, 'Culture Shapes a Mind' अर्थात् संस्कृति मस्तिष्क को आकार प्रदान करती है।[1] इस प्रकार संस्कृति वह उपकरण है जिससे न केवल हम अपना संसार बनाते हैं अपितु अपनी शक्तियों व स्वयं से परिचित होते हैं। प्रो. ब्रुनर आगे कहते हैं कि हम मानसिक क्रियाकलापों को तब तक नहीं समझ सकते जब तक हम सांस्कृतिक परिस्थितियों व संसाधनों के परिप्रेक्ष्य में इसका अध्ययन न कर लें। अधिगम, स्मरण करना, वार्ता करना, तथा कल्पना करना आदि संस्कृति में प्रतिभागिता से ही सम्भव है।[2]

संस्कृति किसी देश के नागरिकों द्वारा शताब्दियों में किए गये कार्य का परिणाम है। किसी देश, जाति अथवा समाज के विशिष्ट पुरुषों के विचार, कार्य, वचन, आचार, व्यवहार तथा उनके द्वारा संस्थापित परम्पराएँ ही उस देश, जाति या समाज की संस्कृति का निर्माण करते हैं। इस प्रकार संस्कृति मानव-जीवन के उन समस्त तत्त्वों की समष्टि का नाम है, जिनकी धर्म और दर्शन से उत्पत्ति होकर कला-कौशल, समाज तथा व्यवहार में परिणति हो जाती है।[3]

भारतीय संस्कृति मानव को परिपूर्ण व समग्र रूप से देखती है जिसे शरीर व आत्मा दो रूपों में माना गया है शरीर (अर्थात् भौतिकवाद) व आत्मा (अर्थात् आध्यात्मवाद) का समन्वय किया गया है मानव के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यक्रम व आव्यूह रचना की गयी है। जिससे हम अपनी अज्ञानतावश भूलते जा रहे हैं या पूर्णतः भौतिकवादी हो रहे हैं जिसके फलस्वरूप परस्पर द्वैष, असन्तोष, अन्याय, असत्य व अधर्म होता है जिससे परेशान होकर शांति, सन्तोष व सुख की तलाश में पूर्णतः वैरागी हो जाना चाहते हैं। अध्यात्म की अधूरी समझ होने के कारण ढोंगी साधु-संन्यासियों, बाबाओं आदि के दुष्चक्र में फंस जाते हैं। अतः आवश्यक है

कि शिक्षा के प्रत्येक स्तर पर विशेषतः उच्च शिक्षा में भारतीय संस्कृति आधारित पाठ्यक्रम व पाठ्यवस्तु का समावेशन किया जाना चाहिए।

भारत में उच्च शिक्षा का विकास

भारत में शिक्षा-दीक्षा वैदिक युग से चलती आ रही है हमारे प्राचीन साहित्य अर्थात् वेद, ब्राह्मण और उपनिषद् आदि ने हमारे प्राचीन ऋषियों के माध्यम से मानव जाति के समक्ष उच्चतम ज्ञान प्रकट किया।

गुप्त काल में नालन्दा की स्थापना के साथ ही भारत विश्व में उच्च शिक्षा का केन्द्र बन गया, जहाँ सभी ज्ञान की शाखाओं पर विशेषीकरण था, इसी प्रकार तक्षशिला, जहाँ मुख्यतः चिकित्सा का अध्ययन किया जाता था, उज्जैन खगोल विज्ञान का केन्द्र था। बौद्ध धर्म या बौद्धकाल में सारनाथ विश्वविद्यालय, अजंता की स्थापना हुई। अजन्ता सीखने की कला, वास्तुकला व चित्रकला हेतु प्रसिद्ध हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय स्थापित होने के साथ ही भारतीय समाज में भी सुधार हुआ फलतः अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ हुई, शिक्षा प्रणाली के माध्यम से भारत का इस काल में दुनिया पर भी प्रभुत्व रहा। मुगल काल में फतेहपुर सीकरी, आगरा, दिल्ली और अन्य स्थानों पर महाविद्यालय स्थापित हुए। साथ ही हिन्दू दर्शन पर आधारित शिक्षा प्रणाली भी मौजूद रही।

उच्च शिक्षा की परम्परागत प्रणाली में मुख्य परिवर्तन यूरोपीय शासकों द्वारा 1600 ई. से प्रारम्भ हुआ। 1850 के अन्त में भारत में अनौपचारिक यूरोपीयन शैली की संस्थाएं स्थापित हुईं जिसका मुख्य उद्देश्य यूरोप की भाषा बोलने में दक्ष प्रशासक व क्लर्क या नौकर तैयार करना था। वर्तमान भारतीय शिक्षा व्यवस्था ब्रिटिश काल की ही देन है। ब्रिटिश शैली के विश्वविद्यालय का गठन कलकत्ता, बोम्बे और मद्रास में 1857 में लंदन विश्वविद्यालय के मॉडल के आधार पर किया गया था। यही से भारत में आधुनिक उच्च शिक्षा प्रणाली की नींव पड़ी। 1850 ई. के अन्तिम भाग में यूरोप व अमेरिका में आधुनिक विज्ञान, इंजीनियरिंग शिक्षा आदि विकसित हुई। इसी की तर्ज पर भारत में पहला उच्च तकनीकी शिक्षा केन्द्र 1903 में भारतीय विज्ञान संस्थान, टाटा की स्थापना हुई। आज भारत आबादी के आधार पर विश्व का दूसरा व उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के नामांकन के आधार पर तीसरा सबसे बड़ा देश है।

उच्च शिक्षा विभाग के तहत मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार शिक्षा नीतियों का निर्माण करती है। तथा एक संवैधानिक निकाय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) (जिसकी स्थापना 1956 में हुई) के माध्यम से उच्च शिक्षा के समन्वय, मूल्यांकन और मानकों को बनाए रखने का

कार्य करता है। UGC ने विभिन्न क्षेत्रों में बढावा देने, अनुदान, मानक निर्धारण और व्यावसायिक शिक्षा हेतु वैधानिक परिषदों की स्थापना की है। 2006 में सिंगापुर, चीन, जापान व भारत आदि देशों ने नालन्दा अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय को पुनः स्थापित करने की प्रस्तावित योजना की घोषणा की है।

भारत में उच्च शिक्षा तन्त्र 18-23 वर्ष की आयु वर्ग के कुल जनसंख्या के 70 प्रतिशत को सेवाएं प्रदान करता है।

उच्च शिक्षा की संरचना

संस्कृति आधारित पाठ्यक्रम अर्थात् अनुदेशन व विद्यार्थी के अधिगम को संस्कृति के आधार (यथा-मूल्य, मानक ज्ञान, विश्वास, आस्था, अनुभव व भाषा) पर आधारित कर प्रदान करना है।



संस्कृति के तत्त्व

समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से संस्कृति के तीन प्रकार हैं—

1. **सार्वभौमिक**—जो सर्वमान्य हो, सभी को आपस में बांधती हो, शान्ति व सतत् विकास को बढ़ावा दें। यह समाज के मानक होते हैं, जैसे भाषा। ये पाठ्यक्रम में आधारभूत विषय के रूप में शामिल होने चाहिए।
2. **विशेषीकरण**—जिसमें समाज के सदस्य अपनी जीविकोपार्जन हेतु व समाज के विकास में योगदान देने में ठीक प्रकार से प्रशिक्षित हों। इसमें सदस्य पेशे या व्यवसाय के ज्ञान, कौशल तथा नैतिकता के साथ तैयार किए जाते हैं और उन्हें पेशे या व्यवसाय के अभ्यास में प्रदर्शित करते हैं। उदाहरणार्थ—शिक्षक, वकील, डॉक्टर, किसान, आदि, संस्कृति की विशेषताएं जितनी अधिक होगी श्रम का विभाजन उतना अधिक होगा। फलतः सतत् विकास होगा। यह पाठ्यक्रम में विशेषीकरण विषयों के रूप में शामिल होने चाहिएं।

3. **संस्कृति के विकल्प**—संस्कृति विकल्प चीजों को करने के अलग-अलग तरीके हैं, जो कि समाज द्वारा स्वीकार्य हो, समाज में व्यक्तिगत प्रतिभागों का सम्मान होता है परन्तु नवाचार समाज की नैतिकता व धार्मिक मापदण्डों के दायरे में ही स्वीकार होते हैं। समाज के प्रतिभावान सदस्यों के विशिष्ट कौशलों को प्रशिक्षित करने हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता होती है जैसे—धर्मवक्ता, कलाकार, दार्शनिक तथा वैज्ञानिक आदि शिक्षा के कार्यक्रम इस प्रकार होने चाहिए ताकि ना केवल इन विशिष्टताओं की पहचान हो सके बल्कि इन्हें पल्वित करने का प्रयास हो। यह पाठ्यक्रम में सहायक वैकल्पिक पाठ्यक्रम के रूप में शामिल होने चाहिए।

संस्कृति आधारित शिक्षा के पांच आधारभूत तत्त्व है, जो इस प्रकार है—

1. भाषा।
2. परिवार व समुदायः—पाठ्यक्रम विकास हेतु परिवार व समुदाय में सक्रिय भागीदारी।
3. प्रसंग—विद्यालयों, महाविद्यालयों व कक्षा-कक्षों को सांस्कृतिक ढंग से संरचित करना।
4. पाठ्यवस्तु—संस्कृति आधारित पाठ्यवस्तु व मूल्यांकन द्वारा अधिगम को सार्थक व प्रासंगिक बनाना।
5. दत्त एवं जवाबदेही—विभिन्न तरीकों से दत्त संकलन व निर्वचन द्वारा संस्कृति दायित्त्व हेतु विद्यार्थियों की प्रगति सुनिश्चितता।

शोध अध्ययनों से यह सिद्ध हो चुका है कि संस्कृति आधारित शिक्षा, अधिगम व व्यक्तित्व स्तर पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। जैसा कि ब्रेन्डोन लेडवर्ड, ब्रेन्न ताकायामा और क्रिस्टन ने (मई 2009) हवाईयन संस्कृति पर आधारित शिक्षा के प्रभाव का अध्ययन किया और पाया कि अधिगम सम्प्राप्तियाँ, सामाजिक व भावात्मक विकास पर संस्कृति आधारित शिक्षा का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।[4]

पेट्रोनल, सैविन ने संस्कृति आधारित पाठ्यक्रम : सांस्कृतिक विरासत एवं यूरोपियन पहचान विषय पर शोध किया। ग्रेस चिविको ओफोरमा ने पाठ्यक्रम नियोजन में संस्कृति के घटकों का समावेशन विषय पर शोधकार्य किया और निष्कर्ष के रूप में पाया कि संस्कृति पर आधारित पाठ्यक्रम द्वारा मानव का सर्वांगीण विकास हेतु ज्ञान, कौशल, मूल्यों व अभिवृति के रूप में अधिगम अनुभवों को संकलित कर अधिगमकर्त्ता में अपेक्षित व्यवहारगत परिवर्तन कर उन्हें सक्रिय सामाजिक सदस्य

के रूप में परिणित कर सकते हैं, एक सुनियोजित क्रियात्मक पाठ्यक्रम लोक संस्कृति को परावर्तित करना चाहिए। प्रत्येक पाठ्यक्रम सार्वभौमिक, सांस्कृतिक विशिष्टताएं व विशेषीकरण आदि पर आधारित होना चाहिए।

इसी प्रकार लिपका जे. (2002) ने स्वयं निर्धारण हेतु 'स्वदेशी भाषा व संस्कृति का स्कूल पर प्रभाव' विषय पर अध्ययन किया।[5] शोधकर्त्ता ने पाया कि स्वदेशी संस्कृति व भाषा का पाठ्यक्रम में विलोपीकरण के साथ स्थानीय देहाती विद्यार्थियों का विद्यालयी पलायन अधिक होता है।

इसी प्रकार एम.सी. एल्पाइन ने पाया कि कक्षा-कक्ष व घर की संस्कृति में अन्तर होने पर विद्यार्थी का कक्षा में सक्रिय सहभागिता के साथ स्वयं की सांस्कृतिक परम्परा के प्रति मान्यता भी अवरूद्ध होती है।[6]

उक्त अनुसंधानों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि यदि कोई राष्ट्र सही अर्थो में सम्पन्न, स्वाभिमानी व आत्मनिर्भर होना चाहता है तो उसे अपनी जड़ों को मजबूत करना होगा। अपने नागरिकों उनकी अकाँक्षाओं, प्रवृत्तियों, आचार-व्यवहार अर्थात् संस्कृति के अनुसार ही अपनी शिक्षा-दीक्षा, नीतियाँ व भावी विकास की योजनाएं बनाकर उनका क्रियान्वयन करना होगा, हिरोशिमा-नागासाकी (1945) के बम विस्फोट के पश्चात् भी जापान आज अग्रिम देशों में है, क्यों? क्योंकि उसने अपनी राष्ट्रीय संस्कृति को शिक्षा के माध्यम से बनाये रखा, हम राजनैतिक रूप से स्वतन्त्र हुए हैं परन्तु मानसिकता से आज भी विदेशी व गुलाम हैं, इसका प्रमाण विदेशी भाषा, हमारी शिक्षा प्रणाली की विषयवस्तु आज भी पाश्चात्य है।

प्रस्तुत शोध-पत्र में भारतीय संस्कृति आधारित उच्च शिक्षा को पाठ्यक्रम की रूपरेखा प्रदान करने का बहुत ही प्रारम्भिक प्रयास किया गया है इस पर आगामी शोधपरक प्रस्ताव बनाने की आवश्यकता है।

उच्च शिक्षा के लक्ष्य

उच्च शिक्षा के प्रत्येक स्तर पर मुख्य लक्ष्य मानव का पशुचेतना से मानवीय चेतना में रूपान्तरण होना चाहिए। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु शिक्षा के उद्देश्यों का निर्धारण होना चाहिए।

उच्च शिक्षा के उद्देश्य

1. अस्तित्व के ज्ञान के साथ सह-अस्तित्व की समझ विकसित करना।
2. मानव को शरीर व जीवन दो स्तरों पर समझाते हुए मानवीयतापूर्ण आचरण सीखना।

3. मानव को समाधानिक बनाते हुए परिवार में समृद्धि, समाज में अभय व विश्व में सह-अस्तित्व स्थापित करना।
4. मानवीयता की अक्षुण्णता हेतु मानवीय संस्कृति, सभ्यता तथा उसकी स्थापना एवं संरक्षण हेतु विधि व व्यवस्था का अध्ययनपूर्वक प्रमाणित कराना है इससे मनुष्य के चारों आयामों (व्यवसाय, व्यवहार, विचार एवं अनुभूति) तथा पांचों स्थितियों (व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र एवं अन्तर्राष्ट्रीय) में एक सूत्रता, तारतम्यता एवं अनन्यता प्रत्यक्ष हो सके। फलस्वरूप समाधानात्मक भौतिकवाद, व्यवहारात्मक जनवाद एवं अनुभवात्मक अध्यात्मवाद मनुष्य जीवन में चरितार्थ एंव सर्वसुलभ हो सके। इससे प्रत्येक मनुष्य की प्रत्येक स्थिति में बौद्धिक समाधान एवं भौतिक समृद्धि हो सकेगी।
5. समस्त प्रकार की वर्ग भावनाओं को मानवीय चेतना में परिवर्तन करना।
6. प्रत्येक मनुष्य जीवन में अनिवार्यता एवं आवश्यकता के रूप में पाये जाने वाले बौद्धिक समाधान एवं भौतिक समृद्धि की समन्वयता को स्थापित करना।
7. शिक्षा प्रणाली, पद्धति एवं व्यवस्था की एक सूत्रता को मानवीयता की सीमा में स्थापित करना।
8. विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, एवं शिक्षा मंदिरों की गुणात्मक एकता एवं एक-सूत्रता को स्थापित करना।
9. उन्नत मनोविज्ञान के संदर्भ में निरन्तर शोध एवं अनुसंधान व्यवस्था को प्रस्थापित करना।
10. प्रत्येक विद्यार्थी और व्यक्ति को अखण्ड समाज के भागीदार के रूप में प्रतिष्ठित करना।
11. शिक्षक, शिक्षार्थी एवं अभिभावक की तारतम्यता को व्यवहार शिक्षा के आधार पर स्थापित करना।
12. विगत वर्तमान एवं आगत पीढ़ी की परम्परा के प्रत्येक स्तर में तारतम्यता, एकसूत्रता, सौजन्यता, सहकारिता, दायित्त्व तथा कर्त्तव्यपालन योग्य क्षमता का निर्माण करना।
13. मानवीय संस्कृति, सभ्यता, विधि एवं व्यवस्था सम्बन्धी शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना।
14. प्रत्येक मनुष्य में अधिक उत्पादन एवं कम उपयोग योग्य क्षमता को प्रतिस्थापित करना।

15. व्यक्तित्व व प्रतिभा सम्पन्न स्थानीय व्यक्तियों के सम्पर्क में शिक्षार्थी एवं शिक्षकों को लाने की व्यवस्था प्रदान करना।

विषयवस्तु

भारतीय संस्कृति पर आधारित पाठ्यवस्तु का विभिन्न स्तरों पर (स्नातक स्तर व स्नातकोत्तर) पर दो तरह से समावेशन किया जा सकता है। 1. अन्तः अनुशासनात्मक 2. अन्तर्रानुशासनात्मक अर्थात् एक स्वतन्त्र कोर्स के रूप में। अन्तः अनुशासनात्मक रूप से भारतीय संस्कृति का विभिन्न पाठ्यक्रमों में समावेशन इस प्रकार किया जा सकता है—

- मानवीय सम्बन्धों व मूल्यों का ज्ञान व उनकी पहचान, दायित्वों व कर्त्तव्यों का बोध प्रत्येक संकाय के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।
- संघर्षात्मक एवं द्वंद्वात्मक भौतिकवाद के स्थान पर समाधानात्मक भौतिकवाद।
- विज्ञान विवेक सम्मत (विवेक अर्थात् प्रयोजन की पहचान)।
- भौतिकता अर्थात् भौतिकवाद के स्थान पर समाधानात्मक भौतिकवाद (अस्तित्व में जो भी पदार्थ हैं भौतिक व रसायनिक रूप में हैं ये मानव को व्यवस्था में जीने के लिए प्रेरित करते हैं और समग्र इकाईयां एक दूसरे के लिए पूरक हैं तथा विकास हेतु परस्पर अन्तर्सम्बन्धित हैं।
- विज्ञान के साथ चैतन्य का अध्ययन, चैतन्य अर्थात् जीवन पक्ष, रासायनिक भौतिक विरचना का अध्ययन, मानव की रचना विरचना की पूरकता।
- अध्यात्मवाद, अनुभवात्मक अध्यात्मवाद होना चाहिए।
- लाभोन्मादी अर्थशास्त्र के स्थान पर आवर्तनशील अर्थशास्त्र, सुरक्षा व संसाधनों का सही उपयोग का अध्ययन।
- समाजशास्त्र-व्यवहारवादी समाजशास्त्र होना चाहिए जो द्वन्द्व पर आधारित ना होकर न्यायपूर्वक व्यवहार पर आधारित हो।
- मनोविज्ञान-मानव संचेतनावाद मनोविज्ञान (संचेतना का आधार जीवन है शरीर संचेतना को व्यक्त करने का माध्यम है।) मनोविज्ञान के साथ मानवीय मूल्यों की शिक्षा, इन्द्रियमूलक संवेदनशीलता के स्थान पर जीवनमूलक संवेदनशीलता।
- चिकित्सा शास्त्र के साथ आयुर्वेद के मुख्य सिद्धान्तों को शामिल किया जाना चाहिए।
- कानूनी शिक्षा के साथ धर्म, सत्य व व्यवस्था का स्वरूप पढ़ाया जाना चाहिए।

- स्वावलंबन आधारित तकनीकी शिक्षा प्रत्येक उच्च अध्ययन के विद्यार्थी को दी जानी चाहिए।
- तकनीकी शिक्षा के साथ मानवीय संचेतना का अध्ययन, उत्पादन एवं निर्माण शक्ति की विपुलता के लिए निपुणता एवं कुशलता को पूर्णतया प्रशिक्षित कराने के लिए समृद्ध प्रणाली, व्यवस्था एवं अध्ययन होना चाहिए, जिससे मनुष्य की सामान्य आकांक्षा एवं महत्त्वाकांक्षा से संबन्धित वस्तुओं का निर्माण सुगमतापूर्वक हो सके। तकनीकी शिक्षण के साथ सामाजिकता तथा व्यक्ति में निष्ठा को व्यावहारिक रूप देने की व्यवस्था होनी चाहिए। प्रत्येक विद्यार्थी को उत्पादन क्षमता में निपूर्ण बनाया जाना चाहिए, जिससे अधिक उत्पादन एवं कम उपभोग सम्पन्न हो सके। तकनीकी अध्ययन के साथ व्यावहारिक अध्ययन अनिवार्य रूप से हो, जिससे प्रत्येक व्यक्ति उद्यमशील एवं सामाजिक सिद्ध हो सके।
- प्रत्येक विषय के साथ प्रत्येक स्तर पर देव व दिव्य चेतना को पढ़ाया जाना चाहिए।
- यथार्थ साहित्य, दर्शन के साथ अनुभव को, समाजशास्त्र के साथ मानवीय संस्कृति व सभ्यता, भूगोल व इतिहास के साथ-साथ मानवता को पढ़ाया जाना चाहिए।

एक स्वतंत्र अनुशासन के रूप में भारतीय संस्कृति आधारित विषय-वस्तु, जिसका शीर्षक 'चेतना विकास मूल्य शिक्षा' रखा जा सकता है, औपचारिक उच्च स्तर की शिक्षा के प्रत्येक स्तर (स्नातक व स्नातकोत्तर) पर पढ़ाया जा सकता है जिसकी विषय-वस्तु इस प्रकार है—

अध्ययन की विषय-वस्तु

- सम्पूर्ण सह-अस्तित्व रूपी अस्तित्व (अस्तित्व, सहज है सह-अस्तित्व, सह-अस्तित्व सहज है विकास, विकास सहज है जीवन, जीवन सहज है जागृति, सह-अस्तित्व दृश्य है) रासायनिक भौतिक रचना-विरचनाएं इस ढंग से यह सब एक दूसरे से अंतः संबंधित क्रम है ये सारी घटनाएं नित्य वर्तमान हैं।
- सुखी होने के चार चरण हैं—समाधान, समृद्धि, अभय एवं सह-अस्तित्व में जीना इसकी अभिव्यक्ति व्यक्ति, परिवार में, समाज में, प्रकृति में होती है।
- मानव का मानव के साथ न्यायपूर्वक प्रकृति के साथ नियमपूर्वक, संतुलित रूप से जीना न्याय का सम्प्रत्यय (न्याय से तात्पर्य संबंध, मूल्य, मूल्यांकन

एवं उभरतृप्ति ही है।) धर्म-अनुभव प्रमाण बोध, जो बुद्धि में होता है अर्थात् समाधान, समाधान अर्थात् मानव धर्म।

- नैतिकता की शिक्षा (नैतिकता, तन, मन, धन रूपी अर्थ के प्रयोजन में नियोजित करना है इसे ही सदुपयोग कहते है। सदुपयोग दो अर्थ में (1) सेवा व उत्पादन में (2) संबंधों के साथ प्रयोजन को सफल बनाने हेतु।
- मानव-शरीर व जीवन, इसकी शारीरिक व जीवन (आत्मिक) आवश्यकताएं, इसे समझना व समझाना।
- जीवन का लक्ष्य—सुख, शांति, संतोष और आनन्द।

  मानव का लक्ष्य—समाधान, समृद्धि, अभय, सह-अस्तित्व।

  समाधान—सुख (जब हम द्वन्द्व से मुक्त समाधानिक होते हैं, तो सुखी होते हैं)।
- मानवीय सम्बन्धों की पहचान व मूल्यों को समझकर उनका निर्वहन करना।
- व्यवस्थित होना व समग्र व्यवस्था में भागीदारी करना, सत्य की पहचान, भ्रम से मुक्ति (स्वयं को समझना (शरीर-जीवन) स्तर के लिए न्याय, धर्म, सत्य समझना आवश्यक है, संबंध के आधार पर न्याय समझ में आता है, धर्म-व्यवस्था से सत्य-अस्तित्व से समझ में आता है व अस्तित्व सह-अस्तित्व से समझ में आता है।)
- व्यवस्था का स्वरूप—(1) शिक्षा संस्कार में भागीदारी (2) न्याय-सुरक्षा में भागीदारी (3) उत्पादन-कार्य में भागीदारी (4) विनिमय-कोष में भागीदारी (5) स्वास्थ्य-संयम से भागीदारी (6) आयोगों में भागीदारी ही व्यवस्था में भागीदारी है।

अनुसंधान के क्षेत्र में

संस्कृति आधारित शिक्षा के प्रति समझ व इसकी स्थापना हेतु अनुसंधान कार्यों की आवश्यकता है। संस्कृति उपागम पर शोध हेतु कुछ शोध प्रश्न प्रस्तुत हैं—

1. नवाचार आधारित विद्यालय वातावरण निर्माण हेतु भावी प्रारूप आकल्प (मॉडल डिजाईन) हेतु परम्परागत संस्कृति आधारित शैक्षिक व्यूह-रचना से हम क्या सीख सकते हैं?
2. स्वदेशी विद्यार्थियों की शैक्षिक निष्पति, अधिगम सम्प्राप्तियों व संस्कृति आधारित पाठ्यक्रम में क्या सम्बन्ध है?
3. संस्कृति आधारित पाठ्यक्रम, व्यूह-रचना व शैक्षिक निष्पति में सम्बन्ध

हेतु जिम्मेदार कारक क्या है? जैसे समुदाय सम्बद्धता, सांस्कृतिक पहचान।

4. किन परिस्थितियों में संस्कृति आधारित शिक्षा सर्वाधिक सफल हो सकती है? (भाषा, प्रोटोकॉल, मूल्य, कला तथा ज्ञान आदि)।
5. सम्पूर्ण विश्व में देशी संस्कृति की उत्तर-जीविता पर संस्कृति आधारित पाठ्यक्रम के क्या प्रभाव है? मानवीय विविधता तथा पर्यावरण संतुलन पर आदि।

क्रियान्वयन की योजना तीन रूपों में हो सकती है—

जीवन विद्या योजना	शिक्षा का मानवीकरण	परिवार मूलक स्वराज्य व्यवस्था
इस योजना का केन्द्र बिन्दु जीवन है जो सभी में समान मानव की समानता का आधार जीवन है। शरीर कभी भी दो व्यक्तियों के समान नहीं होते। जीवन समान-जीवन की शक्तियाँ व बल समान है जीवन का लक्ष्य समान है, जागृति ही इसका लक्ष्य है। समाधान, समृद्धि, अभय न्याय, धर्म, सत्य	शिक्षा की विषयवस्तु मानव में सही समझ विकसित करने वाली हो।	शक्ति केन्द्रित शासन व्यवस्था के स्थान पर समाधान केन्द्रित व्यवस्था स्थापित करे।

सन्दर्भ

1. किरण टण्डन, *भारतीय संस्कृति*, ईस्टर्न बुक लिंकर्स दिल्ली, 1994
2. ए. नागराज, *मध्यस्थ दर्शन (सह-अस्तित्ववाद)*, जीवन विद्या प्रकाशन, भजनाश्रम, नर्मदांचल अमरकंटक (म.प्र.), 2010

3. ए. नागराज, *जीवन विद्या एक परिचय*, श्री भजनाश्रम, श्री नर्मदांचल, अमरकंटक, शहडोल (म.प्र.), 2004
4. ए. नागराज, *जीवन विद्या अध्ययन बिन्दु व विकल्प*, श्री भजनाश्रम, श्री नर्मदांचल, अमरकंटक, शहडोल (म.प्र.), 2010
5. *ऐरिक डाइजेस्ट*, वाशिंगटन, डीसी : ऑफिस ऑफ एज्यूकेशनल रिसर्च एण्ड इम्प्रूवमेंट
6. एम. क्रागो, द *इन्डक्शन ईयर एक्सपीरियेंस इन क्रॉस-कल्चरल सेटिंग : टीचिंग एण्ड टीचर एज्यूकेशन*, 11 (4), 1995, 403-1
7. कल्चर बेस्ड करिकुलम : कल्चरल हेरीटेज एण्ड यूरोपियन आइडेन्टीटी - सीएचईआई, *जर्नल ऑफ इनोवेशन इन साईक्लोजी, एज्यूकेशन एण्ड डिडेक्टिक्स*, वोल्यूम 20, नं. 1, 2016 पेज. 63-72.

डॉ. सरिता शर्मा
रीडर
बुनियादी शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय, (सी.टी.ई)
गांधी विद्या मंदिर
सरदारशहर, चूरू (राजस्थान)

❑❑❑

शैक्षिक प्रक्रिया में निर्देशन एवं परामर्श

● डॉ. महेश कुमार शर्मा

शिक्षा द्वारा बालक का सर्वांगीण विकास किया जाता है। बालक के विकास के लिए उद्देश्यपूर्ण प्रक्रिया की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है अर्थात शैक्षिक उद्देश्य प्राप्ति में शैक्षिक प्रक्रिया द्वारा प्रेम व स्नेह पूर्ण परिस्थितियों मे ज्ञान का स्थानान्तरण किया जाता है। बालक में ज्ञान स्थानान्तरण के लिए शैक्षिक प्रक्रियाओं में अधोलिखित उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु परिस्थितियां प्रदान की जाती हैं।''[1]

1. सद्-आचरण।
2. अन्तर्निहित प्रतिभा प्रस्फुटन।

उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति में माता-पिता द्वारा समझदारी युक्त पालन पोषण, शिशु पाठशालाओं में कुशल निर्देशन के साथ-साथ स्वतंत्र अन्तः क्रियाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती हैं। शिक्षा के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु अधोलिखित बिन्दुओं का अत्यधिक महत्त्व है।

1. प्रेमयुक्त शैक्षिक प्रक्रिया।
2. समझदारी पूर्ण बच्चों का पालन-पोषण।
3. कुशल निर्देशन।

मेरे द्वारा यहां पर निर्देशन की आवश्यकता एवं महत्त्व को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है।

वर्तमान समय में बच्चें अनेक उपलब्धियों से परिपूर्ण हैं, परन्तु आए दिन शिक्षण संस्थाओं में अनेक घटनाएं घटित होती हैं, जो यह स्पष्ट करती हैं कि बच्चों में निषेधात्मक प्रवृतियां पनप रही हैं। उक्त स्थितियां हमारे समक्ष प्रश्न कर रहीं हैं, जो कि अधोलिखित हैं—

1. क्या शिक्षण प्रक्रिया में अपेक्षित कुशल निर्देशन, परिपक्व मार्गदर्शन एवं ज्ञान का स्थानान्तरण हो रहा है?
2. क्या ज्ञान स्थानान्तरण की प्रक्रिया में प्रेम व स्नेह हैं?

3. क्या शिक्षा केवल धनोपार्जन साधन मात्र नहीं है?
4. क्या शिक्षण प्रक्रिया मानवीय संवेदना जाग्रत करने, मानवीय मूल्यों की प्रोन्नति में सहायक नहीं हैं?
5. क्या शिक्षा स्वस्थ एवं मानसिक विकास कल्याण बोध का भाव उत्पन्न करती है?

उपर्युक्त बोध प्रश्नों का उत्तर नहीं में मनन व चिन्तन के फलस्वरूप स्पष्ट हो रहा है कि शैक्षिक प्रक्रिया में निश्चित ही ऐसा मानना उचित है। ऐसे में शिक्षाविद् विचार करें एवं चिन्तकों को गम्भीर चिन्तन करने की आवश्यकता है।''[2]

शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने के लिए समय-समय पर भारत में अनेक आयोगों का गठन हुआ है। इनके द्वारा शैक्षिक परामर्श एवं निर्देशन को अत्यन्त महत्त्वपूर्ण माना गया।

1. मुदालियर आयोग, 1952-53, निर्देशन केन्द्र
2. कोठारी आयोग 1964-65, प्रत्येक विद्यालय में निर्देशन और सेवाएं
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986
4. कार्य योजना 1992
5. राज्य पाठ्यचर्या विद्यालय शिक्षा, 2000
6. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या, 2005

अनेक शिक्षा आयोगों के गठन समय-समय पर किये गये हैं। इन्होंने क्रमशः निर्देशन एवं परामर्श के संबंध में अपेक्षाएं प्रदर्शित की थीं। सर्वप्रथम, मुदालियर शिक्षा आयोग (1952-53) में स्थापित किया गया। इन्होंने निर्देशन केन्द्रों के गठन की सिफारिश की थी। कोठारी आयोग (1964-66) ने विद्यालय स्तर पर प्रत्येक अध्येता के निर्देशन को महत्त्वपूर्ण माना था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) के प्रोग्राम ऑफ एक्शन (1992) की सिफारिशों के अनुसार निर्देशन सेवाओं का व्यावसायिक शिक्षा, बालिकाओं की शिक्षा, इसकी व्यावसायिक शिक्षा, प्रावधिक एवं शैक्षिक प्रबंधन के विकास के साथ जोड़ने की आवश्यकता महसूस की थी। विद्यालयी शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या (2000) व राष्ट्रीय पाठ्यचर्या (2005) में शैक्षिक निर्देशन द्वारा अध्येता की व्यावसाय चयन, मानसिक स्वास्थ्य रक्षा, विद्यालय में आनन्द की अनुभूतियों की उपलब्धि एवं अध्येता सर्वांगीण विकास हेतु महत्त्वपूर्ण माना गया।''[3] अतः इस आधार पर शैक्षिक परामर्श एवं निर्देशन के मुख्य उद्देश्य अधोलिखित हैं —

1. अध्येता का सर्वांगीण विकास।
2. अध्येता की अधिगम स्मृति में प्रोन्नति।
3. अध्येता की शैक्षिक उपलब्धि में प्रोन्नति।
4. अध्येता की समायोजन प्रक्रिया को सहर्ष निर्मित करने में सहयोग।
5. अध्येता की अधिगम अध्ययन के प्रति विधेयात्मक अभिवृति में प्रोन्नति।
6. अध्येता की स्वयं और अन्य व्यक्तियों एवं कार्य के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति व स्वस्थ दृष्टिकोण में प्रोन्नति।

उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्राथमिक से महाविद्यालयी शिक्षा तक प्रत्येक अध्येता को निरन्तर परामर्श एवं निर्देशन की आवश्यकता है। शिक्षा के स्तर के अनुरूप अपेक्षित परामर्श व निर्देशन की आवश्यकता भी परिवर्तन स्तर के अनुरूप है। अतः प्रत्येक स्तर पर परामर्श एवं निर्देशन कार्यों की आवश्यकता पृथक-पृथक अधोलिखित होगी।

1. प्राथमिक विद्यालय

प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश लेने वाले अध्येताओं को सर्वाधिक निर्देशन और परामर्श की आवश्यकता है। ये अपने घर से विद्यालय के नवीन वातावरण में प्रवेश करते हैं। बच्चे घर में स्वतंत्र होते हैं, जबकि विद्यालय में इनका पर्यावरण नियंत्रित होता है। यहां पर इनकी स्वतंत्रता का परिसीमन हो जाता है।

उक्त स्थिति में अध्यापकों को स्वयं परिस्थिति अनुकूल मार्गदर्शन एवं निर्देशन प्रदान करने की आवश्यकता है। अध्यापक को चाहिये कि सेवा पूर्व व सेवारत प्रशिक्षण के आधार पर खेल विद्या, समूह अधिगम के माध्यम से अपेक्षित निर्देशन प्रदान करना चाहिए। उचित निर्देशन के अभाव में अध्येताओं का असमायोजन होता है। इसके प्रभाव से ही बच्चे के भावी जीवन में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होते हैं। अध्येयताओं के असमायोजन के परिणामस्वरूप मानसिक विक्षोभ, निषेधात्मक कार्य मनोवृति परिलक्षित होती है। इन्हीं कारणों से उनकी शैक्षिक उपलब्धि व व्यक्तित्व समायोजन के लिए विपरीत पर्यावरण की संरचना हो जाती है। अध्यापक से अपेक्षा की जाती है कि बच्चों को विभिन्न प्रकार के कौशल यथा मिट्टी के खिलोनों, गुड़िया बनाना, कागज के फूल, माला बनाना, कठपुतली निर्माण करवाना आदि से उनमें व्यावसायिक रुचि उत्पन्न की जाये। ये अध्येता को शिक्षा प्राप्ति के उद्देश्यों से लक्ष्य निर्धारण व रुचि उत्पन्न करने में आलम्बन प्रदान करती हैं।''[4]

इस स्तर पर अध्यापक का कार्य महत्त्वपूर्ण होता है। अध्यापक बच्चे का परामर्शदाता एवं सहयोगी होता है। प्राथमिक शिक्षा का उद्देश्य बच्चों के आधारभूत कौशल निर्मित करने के साथ साथ मूलभूत विषयों यथा भाषा, परिवेश एवं गणितय संज्ञान का आधार निर्मित करना है। अध्यापक शिक्षण प्रक्रिया में अधिकाधिक अध्येता के सम्पर्क में रहता है अर्थात अध्यापक अध्येता अन्तः क्रिया की शिक्षण प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। अतः अध्यापक को प्रत्येक अध्येता की व्यक्तिगत विशेषता की पहचान करनी चाहिए यथाह्व डरपोक, एकांकी, अन्तर्मुखी तथा झगड़ालू आदि। अध्यापक-अभिभावक बैठक में आपसी विचार मंथन कर बच्चे के अपेक्षित गुणों को विकसित करने एवं अपेक्षा विवादित स्थितियों को परिमार्जित करने के लिए कार्य योजना निर्मित कर संयुक्त सहभागिता बच्चे के विकास हेतु करनी चाहिए।

यहाँ यह स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर निर्देशन एवं परामर्श कार्य विद्यालयों में प्रभावशाली होना चाहिए। इस कार्य में अपेक्षित अभिभावकों का सहयोग अत्यावश्यक होना चाहिए। प्रार्थना सभा, बाल सभा एवं शिक्षण प्रक्रिया द्वारा भी परिस्थितियां उत्पन्न कर अध्यापक को अपरोक्ष रूप से बच्चों को परामर्श एवं निर्देशन प्रदान करना चाहिए।

2. उच्च प्राथमिक स्तर

शिक्षा प्रदान करने वाली ये संस्थाएं प्राथमिक व माध्यमिक स्तर की शिक्षा मध्यस्थता करने वाली है। इस स्तर पर अध्ययन करने वाले अध्येता पूर्व किशोर अवस्था अर्थात व्यःसन्धि एवं किशोर अवस्था के होते हैं। उक्त अवस्था के अध्येताओं की व्यक्तिगत समस्याएं अधिक होती हैं। इन समस्याओं का समाधान अध्येता स्वयं के स्तर करने में असक्षम होता है। अतः शिक्षक को व्यक्तिगत निर्देशन एवं परामर्श प्रदान करना चाहिए। विभिन्न संगठन के विद्यालयों के अध्येताओं, परिवार में बच्चों के अवलोकन से स्पष्ट है कि अधोलिखित स्तर पर अध्येताओं को परामर्श एवं निर्देशन की अपेक्षाएं होती हैं''[5] अर्थात् निर्देशन व परामर्श के प्रयोजन निम्न लिखित हैं—

(अ) अध्येताओं को अपने विचारों, अभिरुचियों एवं संवेदनाओं को उत्सर्जित करने के अवसर प्रदान करना।

(ब) अध्येताओं की आयुवय से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। अतएव, अध्यापक को भावनात्मक नियंत्रण रखते हुए समस्त स्थिति को बुद्धिमतापूर्ण समझकर कार्य करना चाहिए। अध्यापक

को ऐसे अवसर विद्यालय में अध्येता को प्रदान करना चाहिए जिससे नेतृत्व, सहयोग एवं अनुशासन को सीख सकें।

(स) अध्यापक अध्येता को ऐसी परिस्थितियों में स्वनैतृत्व प्रदत करें जिससे वे अतिसक्रिय, व्यग्र या सृजनात्मक हो जाये। अध्येता स्वहित व समूह लाभ के लिए अभिप्रेरित होकर कार्य करें।

(द) अध्यापक अध्येता को योग्यतानुरूप, अभिरुचि केन्द्रित व्यवसाय अवधारणा विकसित करने में सहायता प्रदान करें।

3. माध्यमिक स्तर

माध्यमिक स्तर पर अध्ययन करने वाले अध्येता किशोरावस्था में प्रविष्ठ होते हैं। यह अवस्था अध्येता के भावी जीवन की आधार शिला है।''[6] अध्येता की इस आयु में विचारों का निरन्तर उथल-पुथल होता रहता है। अतः इस स्तर पर अध्येताओं की रूचियों का ध्यान रखते हुए व्यक्तिगत निर्देशन एवं परामर्श की आवश्यकता है। उक्त अवस्था के लिए शिक्षाविदों, मनोवैज्ञानिकों का अनुभव एवं संज्ञान यह स्पष्ट करता हैं कि अध्यापकों द्वारा अध्येताओं को व्यक्तिगत निर्देशन एवं परामर्श के उपाय करने चाहिए। उक्त स्थिति में अध्येता को निर्देशन एवं परामर्श के लिए अध्यापकों द्वारा किये गए प्रयास के उद्देश्यों में अधोलिखित महत्त्वपूर्ण बिन्दु सम्मिलित किये जाने चाहिए।

(अ) अध्येताओं में वैचारिक उथल-पुथल स्वाभाविक है, यह समझ बनाने का प्रयास अध्यापक द्वारा किया जाना अपेक्षित है। इसके लिए आवश्यक है कि अध्यापक के अध्यापन प्रक्रिया में पाठ्येतर, रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियां समाविष्ठ करनी चाहिए।

(ब) अध्यापक द्वारा अध्येताओं की स्वास्थ्य, सुरक्षा और शारीरिक शिक्षा से सम्बन्धित कार्यक्रमों को प्रारम्भ करना चाहिए तथा उक्त कार्यक्रम अबाध गति से निरन्तर सम्पादित रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।''[7]

(स) अध्येताओं में पारस्परिक सम्बन्धों एवं सैक्स सम्बन्धित समस्याओं का बुद्धिमतापूर्ण तथा नियंत्रण भावना से समझाने का प्रयत्न करें एवं अनुशासन के महत्त्व की भी समझ होनी चाहिए।

(द) सामाजिक जीवन से लाभ उठाने के उद्देश्य से सामाजिक जीवन से सम्बन्धित सामाजिक सेवा, सामुदायिक सेवा एवं जन सेवा कार्यों में भाग लेने के लिए अभिप्रेरित करना चाहिए।

(य) अध्यापक को अध्येताओं में आश्रित निर्णय लेने व कार्य करने की स्थिति में परिवर्तन करना चाहिए। शिक्षक द्वारा परिवर्तन पश्चात् अध्येता स्वयं निर्णय लेने व स्वतंत्र कार्य करने में सक्षम होने लग जाये।

4. महाविद्यालय स्तर

महाविद्यालय स्तर पर अध्येता आयु में किशोरावस्था पार कर चुके होते हैं। इनमें प्रोढता का श्रीगणेश होता है।''[8] अब अध्येता के सम्मुख व्यवसाय, विवाह एवं आर्थिक समस्याएं होती हैं। इस समय प्रत्येक अध्येता को व्यक्तिक निर्देशन एवं परामर्श की आवश्यकता होती है। यहां अध्येताओं के लिए अपेक्षित सुझाव एवं सलाह के लिए के लिए अध्यापक को, शैक्षिक प्रशासकों एवं नीति-निर्माताओं द्वारा प्रदत की जानी चाहिए। जिससे शिक्षा के वांछित लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके। अध्येताओं को व्यक्तिक निर्देशन एवं परामर्श के लिए अध्यापकों व शैक्षिक प्रशासकों का अधोलिखित बिन्दुओं पर ध्यान अपेक्षित है।

(अ) प्रत्येक अध्यापक को शैक्षिक निर्देशन एवं परामर्श के लिए दक्ष बनाने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। यह प्रशिक्षण अध्यापकों, शैक्षिक प्रशासकों एवं अध्येताओं के लिए महत्त्वपूर्ण हो तथा शैक्षिक विजन 2020 के लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होना चाहिए।

(ब) अध्यापक को अध्येताओं के मध्य परामर्शदाता, सहयोगी एवं मित्रों के रूप में स्पष्ट होना चाहिए। महात्मा गाँधी के उक्त प्रश्न या कथन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सामाजिक एवं प्रशासनिक अनुभव ही होते हैं।

(स) अध्येताओं के बाल मन व बाल मनोविज्ञान समझकर उसके अनुरूप अपेक्षित व्यवहार अध्यापक द्वारा किया जाना चाहिए। अध्येताओं के व्यवहार की उपेक्षा स्वयं के बाल्यकाल में किये गये व्यवहार से तुलना करते हुए करना चाहिए।

(द) अध्यापकों एवं प्रशासकों द्वारा अध्येताओं को प्रतिदिन समाचार पत्र, पत्र-पत्रिकाएँ एवं रोजगार समाचार पढ़ने के लिए उपलब्ध करवाने चाहिए तथा इन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ प्रतिदिन न्यूनतम 30 मिनट समय उपलब्ध करवाना चाहिये।

(य) प्रत्येक संस्था में शैक्षिक परामर्श एवं निर्देशन की एक इकाई गठित करें। उक्त इकाई के प्रभारी को यह उतरदायित्व सुपुर्द किया जावे कि प्रति दिन सूचना पट्ट पर रोजगार एवं केरियर से सम्बन्धित सूचनाओं से अध्येताओं

को अवगत करवायें। समय-समय पर संस्थान में रोजगार सूचना एवं केरियर संभावनाओं पर संस्थान स्तर के सम्मेलन आयोजित करें। सम्मेलन में उचित रोजगार चयन के लिए परामर्श एवं प्रतिभाओं को अवसर उपलब्ध करवाने व परिष्कृत करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

(र) अध्येताओं की आवश्यकताओं, अभिवृत्तियों, रुचियों, आदतों, संवेगों एवं निर्देशन अध्यापकों एवं प्रशासकों द्वारा निरन्तर किया जाना चाहिए।

(ल) संस्थान द्वारा समय समय पर विभिन्न व्यवसायों को चयनित करने की प्रक्रिया के समय पुरस्कारों एवं प्रत्याशित हानियों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करवानी चाहिए। अध्येताओं की आकांक्षा स्तर एवं उपलब्धि स्तर का अध्ययन संस्थान द्वारा किया जाये, अध्ययन के परिणाम आधारित अपेक्षित परामर्श एवं मार्गदर्शन की व्यवस्था उपलब्ध करवानी चाहिए, ताकि प्रत्येक अध्येयता को उनकी रुचि एवं उपलब्धि स्तर के अनुसार लाभ मिल सके।

(व) प्रत्येक संस्था में या परिक्षेत्र स्तर पर अध्यापकों एवं प्रशासकों द्वारा समय समय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा अध्येताओं के मध्य रोजगार एवं केरियर की चर्चाएं आयोजित की जानी चाहिए।

(स) विभिन्न रोजगार की सम्भावनाओं पर आधारित अपेक्षित कौशल विकास के कार्यक्रम आयोजित किये जाने चाहिए। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा रोजगार मैले का आयोजन करवाकर अध्येताओं को रोजगार चयन के संस्थान परिक्षेत्र में अवसर उपलब्ध करवाये व सहयोग प्रदान करें।

उपसंहार

शैक्षिक प्रशासकों, शैक्षिक नीति-निर्माताओं से अपेक्षा की जाती है कि शैक्षिक परामर्श एवं निर्देशन के क्षेत्र में, शिक्षा क्षेत्र विजन 2020 के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अधोलिखित कार्य प्रत्येक संस्था व परिक्षेत्र स्तर आयोजित किये जाने चाहिए।

1. राज्य स्तर, परिक्षेत्र स्तर व संस्था स्तर पर शैक्षिक परामर्श एवं निर्देशन की योजना निर्मित करनी चाहिए।
2. अध्येताओं की आकांक्षा, उपलब्धि, रुचि, आदत आंकलन की सुविधा संस्था स्तर पर उपलब्ध होनी चाहिए। इस आधार पर रोजगार चयन अवसर, सेमिनार, कौशल परिवर्धन सुविधा, संस्था स्तर पर रोजगार चयन अवसर आदि उपलब्ध करवाये।

ऐसी स्थितियां उक्त कार्यों से उत्पन्न हो जायेगी जिससे सभी वर्ग, दुर्गम स्थानों पर रहने वाले अध्येताओं को रोजगार चयन अवसर व सहायता उपलब्ध हो जायेगी। उसके परिणामस्वरूप शिक्षा के लक्ष्यों की प्राप्ति हो जायेगी। संस्थाओं में नामाकंन वृद्धि होगी। प्रत्येक अध्येता स्वावलम्बी, स्वतंत्र निर्णय, नैतृत्व गुण से औत-प्रोत होगा। संक्षेप में यह कह सकते हैं कि अध्येता मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण सम्बन्धों पर आधारित स्वयं की भूमिका निर्मित करने वाला तैयार होगा।

संदर्भ

1. एस.नारायण राव, काउंसिलिग एण्ड गाइडेंस, सैकण्ड एडिसन, टाटा मेंग्रोवहिल, 2007, पृ. 136-276
2. डी, रसल, ऑन एज्यूकेशन, जॉर्ज एलन एण्ड अनविन लिमिटेड, 1969
3. ए.जे.आर विलसन, रॉबिक एम.सी, माईकल, डबल्यू.बी., *साइकोलोजी फाउण्डेशन ऑफ लर्निंग एण्ड टीचिंग*, मेंग्रोवहिल बुक, 1969, पृ. 415-429
4. गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, *रिपोर्ट ऑफ द एज्यूकेशन कमीशन* (1964-66), एज्यूकेशन एण्ड नेशनल डवलपमेन्ट, एज्यूकेशन डिपार्टमेन्ट, नई दिल्ली, 1966
5. *नेशनल पोलिसी ऑफ एज्यूकेशन*, मिनिस्ट्री ऑफ ह्यूमन रिसोर्स डवलपमेन्ट, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली, 1986
6. *राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा*, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद 2005, नई दिल्ली
7. राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय : 'परिप्रेक्ष्य', 2012
8. राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्व विद्यालय-बी. श्री अरविन्द मार्ग, नई दिल्ली वर्ष 2012 अंक-2 अगस्त 2012

डॉ. महेश शर्मा

सहायक प्रोफेसर

शिक्षा संकाय

प्रभारी, आई.ए.एस.ई. मानित विश्वविद्यालय

बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड

गाँधी विद्या मन्दिर, सरदारशहर, चूरू (राज.)

❑❑❑

ललित शर्मा : हाड़ौती की जैन मूर्तिकला एवं शिलालेख

• समीक्षक : डॉ. राजेन्द्र कुमार

हाड़ौती अंचल में सहस्त्राब्दियों से प्रचलित रही मूर्तिकला के अनेक मूल्यवान प्रतिरूप आज भी यत्र-तत्र देखे जा सकते हैं, जिनमें से कुछ प्रतिरूपों को कोटा व झालावाड़ के राजकीय संग्रहालय में संग्रहित व संरक्षित किया गया है। इन मूर्तियों के निर्माण काल व प्राणप्रतिष्ठा से सम्बद्ध महत्त्वपूर्ण जानकारी समसामयिक शिलालेखों में उद्धृत है। ललित शर्मा ने इन्हीं मूर्तियों एवं शिलालेखों के आधार पर अपनी शोधपरक पुस्तक ''**हाड़ौती की जैन मूर्तिकला एवं शिलालेख**'' का वर्ष 2014 में प्रकाशन करवाया। इस पुस्तक की रचना से पूर्व शोध की दृष्टि से इन मूर्तियों पर कोई महत्त्वपूर्ण कार्य नहीं हो पाया है। अतः ललित शर्मा को इन मूर्तियों का विवेचनात्मक परिचय देने के साथ ही मूर्तिकला से जुड़े विभिन्न पक्षों का व्याख्यात्मक विवरण प्रस्तुत करने का श्रेय दिया जा सकता है।

लेखक ने इस पुस्तक को पांच अध्यायों में विभक्त किया हैं, जिसका प्रथम अध्याय जैन मूर्तिकला एवं शिलालेख विषय पर सारगर्भित परिचय प्रस्तुत करता है। इस पुस्तक के विवरणानुसार हाड़ौती क्षेत्र में जैन धर्म से संबद्ध मूर्तिकला का आठवीं से 17वीं सदी के विस्तृत कालखंड के दौरान बहुआयामी विकास हुआ। विशेषतः 11वीं से 13वीं सदी के मध्य का काल इस क्षेत्र में जैन मूर्ति-स्थापत्य एवं शिलालेखों के निर्माण की दृष्टि से स्वर्णकाल कहा जा

सकता है। इस कालखंड के दौरान निर्मित विभिन्न मूर्तियों के क्रमोन्नत विकास की गति को हम कोटा एवं झालावाड़ के म्यूजियम में रखी गई मूर्तियों के परिप्रेक्ष्य में समझ सकते हैं।

यह महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि इस पुस्तक के माध्यम से लेखक ने यह बताने का प्रयास किया है कि राजस्थान में जैन मूर्तिकला का निर्माण छठी से सातवीं सदी के बीच प्रारंभ होता है एवं तेरहवीं सदी तक इनका प्रचुर मात्रा में निर्माण हुआ। इसी प्रकार छठी-सातवीं सदी के दौरान हाड़ौती क्षेत्र में जैन मूर्तिकला के निर्माण के उदाहरण प्राप्त होते हैं। लेखक द्वारा कोटा एवं झालावाड़ म्यूजियम में रखी गई मूर्तियों का संक्षेप में अध्ययन कर ऐतिहासिक दृष्टि से उनकी विवेचना की गई है। इससे लेखक के मूर्ति-ज्ञान का परिचय मिलता है। इसी अध्याय में लेखक द्वारा हाड़ौती क्षेत्र से उपलब्ध प्राचीन जैन शिलालेखों का संक्षिप्त परिचय भी दिया गया है जो इतिहास की दृष्टि से अमूल्य है परंतु लेखक इन शिलालेखों की प्रमाणिकता हेतु इतिहासकारों के प्रति अपनी निर्भरता प्रकट करते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि लेखक इन शिलालेखों की प्राचीनता तथा प्रमाणिकता के बारे में अपने अध्ययन व अन्वेषण की दृष्टि से ठोस रूप से कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है।

पुस्तक का द्वितीय अध्याय बहुत महत्त्वपूर्ण है जिससे ज्ञात होता है कि कोटा क्षेत्र में कोटा, अटरू, शेरगढ़, रामगढ़, बारा तथा बूंदी क्षेत्र में नैणवा, केशोरायपाटन सहित झालावाड़ के पचपहाड़, झालरापाटन, गागरोन, अकलेरा तथा चांदखेड़ी से सैकड़ों जैन मूर्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनका अभी प्रकाश में आना शेष है, प्रमुखत: 11वीं से 13वीं सदी के कालखंड में यहां जैन समाज द्वारा पोषित कला व संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न मूर्तियों का निर्माण हुआ। इन मूर्तियों में जैन दर्शन के सौंदर्य भाव तथा अभिव्यक्ति सहित भद्रता, सरलता और आध्यात्मिकता का अद्भुत दर्शन होता है। लेखक ने प्राप्त मूर्तियों की कला का तत्कालीन साहित्यिक स्रोतों एवं शिलालेखों के प्रकाश में विश्लेषणात्मक अध्ययन किया है एवं म्यूजियम में संरक्षित उक्त मूर्तियों की विभिन्न रचना विधाओं एवं स्वरूप की बहुत ही विलक्षण ढंग से व्याख्या की है।

यदि लेखक द्वारा इन मूर्तियों के व्याख्यात्मक विवरण के स्थान पर ही तत्संबंधी मूर्तियों का यथोचित चित्र भी लगा दिया जाता तो जैन मूर्तिकला की उत्कृष्ट शैली एवं तत्कालीन जैन धर्म के सांस्कृतिक स्वरूप को समझ पाना पाठकों के लिए अधिक सरल होता।

शर्मा जी ने पुस्तक के तीसरे अध्याय में हाड़ौती क्षेत्र से अवाप्त दीर्घ कालखंड के दौरान लिखित जैन शिलालेखों का गुणात्मक एवं व्याख्यात्मक विवेचन किया है। यद्यपि प्रथम अध्याय में भी इसी प्रकार से जैन शिलालेखों का संक्षिप्त परिचय दिया गया है, यदि प्रथम अध्याय में ही इस अध्याय की सूचनाओं को समायोजित कर दिया जाता तो अधिक उपयुक्त होता अन्यथा यह विषय की पुनरावृति सी प्रतीत हो रही है।

लेखक ने इस पुस्तक को सुपठित बनाने एवं विवेचित मूर्तियों की विशद् दार्शनिक व्याख्या को समझाने के लिए जैन मूर्तियों के आकार-प्रकार एवं देवी-देवताओं की विभिन्न मुद्राओं के लिए प्रयुक्त होने वाली शब्दावली से परिचित कराने के लिए तत्कालीन गूढ़ शब्दावली का शब्दार्थ करने का अच्छा प्रयास किया है, अवश्य ही सुधी पाठक इस शब्दावली के सहयोग से जैन मूर्ति कला के विभिन्न स्वरूपों को समझने में सहजता का अनुभव करेंगे। लेखक इस कार्य के लिए साधुवाद के पात्र है।

पुस्तक का महत्त्वपूर्ण पक्ष जैन तीर्थंकरों व अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों के लक्षणों को सुस्पष्ट करने का महती प्रयास है। मथुरा शैली में निर्मित जैन मूर्तियों में प्रयुक्त लांछनों, महापुरुष लक्षण (जैन मूर्तियों के वक्ष पर श्रीवत्स का अंकन उन्हें बोध मूर्तियों से पृथक पहचान देता है) के द्वारा कुषाणकाल से लेकर गुप्तकाल के मध्य निर्मित हुई जैन मूर्तियों के मध्य भेद करने का प्रयास किया गया है, जो पुस्तक की सुंदरता को बढ़ाने में अति सहायक है। जीवंत स्वामी, नेगमेष, तथा रेवती, इंद्र, चक्रेश्वरी, अंबिका, पद्मावती, देवी तथा क्षेत्रपाल आदि की मूर्तियों के लक्षणों को भी विशिष्टता के साथ स्पष्ट किया गया है। जैन मूर्तिकला के मुख्य तत्त्व-आयागपट्ट (आर्यकपट्टक) को परिभाषित करने का भी इस पुस्तक के माध्यम से प्रयास किया गया है।

लघु, परन्तु सारगर्भित यह पुस्तिका अवश्य ही जैन मूर्तिकला पर शोध-कार्य करने वाले शोधार्थियों तथा अन्य विद्वतजनों के लिए ज्ञान का एक नवीन मार्ग प्रशस्त करेगी।

समीक्षक : **डॉ. राजेन्द्र कुमार, बीकानेर**

प्रकाशक : सुरेन्द्र कुमार सेठी फाउण्डेशन, कोटा

वर्ष : 2014

मूल्य : एक सौ एक रुपए मात्र

पृष्ठ संख्या : 58

❑❑❑

मरुभूमि शोध संस्थान, श्रीडूंगरगढ़

प्रबन्ध मण्डल



प्रो. बी.एल. भादानी
अध्यक्ष एवं पदेन निदेशक



डॉ. भंवरसिंह सामोर
उपाध्यक्ष



डॉ. चेतन स्वामी
उपाध्यक्ष



श्याम महर्षि
सचिव

सत्यदीप
उपसचिव

रामचन्द्र राठी
उपसचिव

जूनी ख्यात जुलाई–दिसम्बर, 2019 वर्ष : 9, अंक : 1 ISSN : 2278-4632

देश की
धड़कन
राजस्थान
की शान

राजस्थली

की यही पहचान

- हम जीवन में बीसियों तरह के व्यसन–शौक पालते हैं परन्तु पढ़ने की आदत नहीं डालते। यही कारण है कि हम अपनी सांस्कृतिक पहचान, शख्सियत और वजूद को संरक्षित नहीं रख पा रहे हैं।
- राजस्थानी ही वह भाषा है जिसकी लोरियों तले हमारा बचपन खेला, कूदा और बड़ा हुआ है। अपने पांवों पर खड़ा होने के बाद ममत्व और वात्सल्य को भुलाना तो हमारी परम्परा नहीं रही है। तो फिर हम क्यों भूल रहे हैं हमारी बाल–सुलभ जिज्ञासाओं को अनथक शांत करने वाली इस मायड़ को ?
- आईये ! हम भी बंगाल की तरह हमारे घरेलू बजट में पत्र–पत्रिकाओं को शामिल कर अपने बच्चों को एक सद्–संस्कार दें। परिवार को अपना वाजिब हक दें। अपने गैर–जरूरी खर्चों में कटौती कर पीढ़ियों को संस्कारित करने के इस अनुष्ठान में सहयोगी बनें।
- आज ही **राजस्थली** के सदस्य बनें और बनायें। पत्र–पत्रिकाओं को सहयोग और उनका संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

आओ ! **राजस्थली** को स्वावलम्बी बनाएं और
पुस्तक प्रेम की हमारी सांस्कृतिक परम्परा का परिचय दें।

सदस्यता शुल्क विवरण		
	पाँच वर्ष के लिए	400 रुपये
	आजीवन	1000 रुपये
	संरक्षक सदस्यता	5100 रुपये

महावीर प्रसाद माली मरुभूमि शोध संस्थान, श्रीडूँगरगढ़ के लिए मुद्रित एवं प्रकाशित।

मुद्रक : महर्षि प्रिंटर्स, श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर) राज.